दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 225 | जयपुर | गुरुवार, 19 जून, 2025 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष अष्टमी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 10

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# राजस्थान में 7 दिन पहले पहुंचा मानसून

## पहले दिन ही आधा से ज्यादा प्रदेश कवर, औसत से ज्यादा बारिश का अनुमान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान में बुधवार को मानसून की एंट्री हो गई। तय समय से करीब एक हफ्ते पहले पहुंचे मानसून की एंट्री प्रदेश के दक्षिण और दक्षिण-पूर्वी हिस्से से हुई है। पहले दिन ही मानसून ने प्रदेश के आधे से अधिक हिस्से को कवर कर लिया है।

मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, सिरोही, जालोर, बाड़मेर, पाली, राजसमंद, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, झालावाड़, बारां, बूंदी, कोटा, सवाई माधोपुर, टोंक, जयपुर, अजमेर, जोधपुर, करौली और धौलपुर के कुछ हिस्सों में मानसून की बारिश हो रही है।



### जून में अब तक 34.6 मिमी. बारिश

मौसम केंद्र निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार मानसून इस बार 7 दिन पहले आया है। सामान्यत: एंट्री 25 जून के आसपास होती है। राजस्थान में 1 से 17 जून तक 34.6एम एम औसत बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 63 फीसदी ज्यादा है। राज्य में अगले 5-7 दिन उदयपुर, कोटा संभाग में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। बारिश का मौसम शुरु होते ही उमस का दौर भी शुरु हो गया है।

### कोटा संभाग के झालावाड़ में हुई थी औसत से कम बारिश

पिछले सीजन में कोटा संभाग के चार जिलों कोटा, बारां, बूंदी, झालावाड़ के एरिया में से झालावाड़ ऐसा जिला है जहां औसत 3 फीसदी कम बारिश हुई। झालावाड़ में एक सीजन में औसतन 884 .3एमएम बारिश होती है, जबकि पिछले सीजन में 853 .9एमएम बरसात हुई। इसके अलावा कोटा में 732 .2एमएम औसत बारिश की तुलना में 901 .5एमएम यानी 23 फीसदी ज्यादा बरसात दर्ज हुई। वहीं बूंदी में औसत से 63 फीसदी ज्यादा, जबकि बारां जिले में औसत से 30 फीसदी ज्यादा बरसात हुई थी।

### बीकानेर संभाग में अच्छी हुई बारिश

पिछले सीजन में बीकानेर संभाग के एरिया में मानसून की अच्छी बारिश हुई। यहां जुलाई और अगस्त के दूसरे सप्ताह तक ही मानसून की बारिश औसत से ज्यादा हो गई थी। बीकानेर में पिछले सीजन 423 .3एमएम बरसात हुई, जो औसत 247एमएम बारिश से 71 फीसदी ज्यादा थी। चूरू में 536 .3एमएम( 61 फीसदी ज्यादा), गंगानगर 314 .1एमएम ( 53 फीसदी ज्यादा) और हनुमानगढ़ में 328 .4एमएम( 29 फीसदी) ज्यादा बरसात हुई थी।

### 2024 में पिछले 10 साल में सर्वाधिक बारिश

राजस्थान में जून से 30 सितंबर तक (मानसून सीजन) में औसतन 435 एमएम बरसात पूरे सीजन में होती है। पिछले 10 साल की रिपोर्ट देखें तो साल 2018 में ही ऐसा सीजन रहा जब मानसून में बारिश औसत से कम हुई हो। आखिरी साल 2024 में मानसून सीजन में जबरदस्त बारिश हुई थी, उस समय पूरे प्रदेश में औसत से 56 फीसदी ज्यादा बरसात हुई है। इस बार भी मौसम विभाग ने राजस्थान में औसत से ज्यादा बारिश होने का अनुमान जताया है।

### पिछले साल जयपुर में औसत से 88 फीसदी ज्यादा हुई बारिश

पिछले मानसून सीजन में राजधानी जयपुर में जबरदस्त बारिश हुई। यहां एक जून से 30 सितंबर तक औसत से 88 फीसदी ज्यादा बरसात हुई। जयपुर में एक सीजन में औसतन 524 .3स्रूबरसात होती है, लेकिन पिछले सीजन में यहां 986 .6 एमएम बरसात हुई। जयपुर के अलावा दौसा में 594 .5एमएम बारिश के मुकाबले 1409 .4स्रूबरसात हुई, जो औसत से 137 फीसदी ज्यादा रही। ये ऐसा जिला रहा, जहां पिछले सीजन सबसे ज्यादा बरसात हुई थी। वहीं सीकर, अलवर और झुंझुनूं में क्रमश- औसत से 54 फीसदी, 73 फीसदी और 35 फीसदी ज्यादा बरसात हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### जलधारा के लिए जयपुर डेयरी देगा पानी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स )।** जयपुर डेयरी में लगे जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (जेडएलडी) प्लांट से जयपुर जेडीए ने 2 लाख लीटर पानी जलधारा के लिए मांगा है। ये पानी जलधारा में बहाने और वहां बने फव्वारों को संचालित करने में उपयोग किया जाएगा। इसके लिए जयपुर डेयरी एमडी ने पानी उपलब्ध करवाने पर सहमति जताते हुए अगले माह से पानी की सप्लाई शुरू करने के लिए कहा है। जयपुर डेयरी के एमडी मनीष फौजदार ने बताया- राज्य में अभी जल व पर्यावरण संरक्षण अभियान 'वंदे गंगा' चलाया जा रहा है, जिसके तहत जयपुर डेयरी में भी काम किया जा रहा है। हमने आज 160 पौधे लगाए है और इस अभियान के तहत हमारी समितियों के ऑफिस और दूसरी जगहों पर भी मानसून सीजन में पौधे लगाए जाएंगे।फौजदार ने बताया- पानी संरक्षण के लिए हमारे यहां 20 करोड़ की लागत से जेडएलडी प्लांट लगाया है। 12 लाख लीटर की क्षमता के इस प्लांट से हम जयपुर डेयरी से निकलने वाले वेस्ट पानी को साफ करके (ट्रीटमेंट करके) वापस उसका उपयोग कर रहे है।वर्तमान में हम इस ट्रीटमेंट प्लांट से साफ होने वाली पानी में से एमएनआईटी परिसर में सिंचाई के लिए 2 लाख लीटर पानी, जवाहर सर्किल गार्डन में सिंचाई के लिए 4 लाख लीटर पानी दे रहे है। जबकि 6 लाख लीटर रिसाइकिल हुआ पानी हम हमारे ही प्लांट में मशीनरी को साफ करने, गार्डन में सिंचाई करने और अन्य कार्यों में उपयोग ले रहे है। जेडीए प्रशासन ने हमारे यहां बच रहे 2 लाख लीटर पानी की मांग की है, जिसे ओटीएस के पास जलधारा में उपयोग लेने की बात कही है। यहां बने गार्डन में सिंचाई करने, फव्वारों में पानी चलाने और यहां बनी आर्टिफिशियल लेक में पानी बहाने के लिए ये पानी उपयोग में लिया जाएगा।

### ईरान में फंसे भारतीय स्टूडेंट्स ने सुनाई आपबीती



बढ़ता राजस्थान

**तेहरान ( एजेंसी )।** इजरायल-ईरान के बीच संघर्ष लगातार गहराता जा रहा है। इजरायल लगातार ईरान के शहरों पर ड्रोन और मिसाइल हमलों को अंजाम दे रहा है। इस संघर्ष के बीच करीब चार हजार भारतीय छात्र ईरान में फंसे हैं। ज्यादातर छात्र वहां, तेहरान और अन्य शहरों में मेडिकल की पढ़ाई करते हैं। इन छात्रों की सुरक्षित वापसी के लिए भारत सरकार ने अभियान चलाया है। इसके तहत बुधवार को कश्मीर के 90 छात्र आज रात आर्मेनिया से नई दिल्ली पहुंचने वाले हैं।उर्मिया यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज के कई छात्रा भी वापस भारत आ रही हैं। एयरपोर्ट पर मौजूद स्टूडेंट्स ने भारत सरकार और विदेश मंत्रालय का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि हम काफी खुश हैं कि भारत सरकार हमें सुरक्षित वापस भेज रही है। ईरान में भारतीय छात्रों को लेकर विदेश मंत्रालय ने बताया है, तेहरान में भारतीय दूतावास हालात पर नजर बनाए हुए है। भारतीय छात्रों की सुरक्षा को लेकर सरकार चिंतित है।

### ईरान को जो अच्छे से जानते हैं वो ऐसी धमकी नहीं देंगे

बढ़ता राजस्थान

**तेहरान ( एजेंसी )।** खामेनेई ने इज़राइल पर अपने हालिया कार्यों में गंभीर गलती करने का आरोप लगाया और कसम खाई कि तेल अवीव को उसके आक्रमण के लिए दंडित किया जाएगा। इज़राइल ने बहुत बड़ी गलती की है, और उन्हें इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। हम इसके शासकों पर कोई दया नहीं दिखाएंगे। ईरान और इजरायल के बीच लगातार तेज हो रहे संघर्ष के बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए एक कड़ा और भावनात्मक संदेश दिया। टेलीविज़न संबोधन में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई ने इज़राइल और संयुक्त राज्य अमेरिका पर हमला बोलते हुए चेतावनी दी कि अगर उनके देश के खिलाफ़ सैन्य कार्रवाई की गई तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। यह घोषणा करते हुए कि ईरान दबाव में आत्मसमर्पण नहीं करेगा, खामेनेई ने इज़राइल पर अपने हालिया कार्यों में गंभीर गलती करने का आरोप लगाया और कसम खाई कि तेल अवीव को उसके आक्रमण के लिए दंडित किया जाएगा।

# मोदी जी यू आर द बेस्ट!

## आपके जैसा...मेलोनी बनी भारतीय क्करूकी सबसे बड़ी फैन, जताई ये इच्छा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पीएम मोदी की जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। शेयर किए जा रहे वीडियो में मेलोनी मुस्कुराते हुए और पीएम मोदी की दिल से तारीफ करते हुए दिखाई दे रही हैं। उन्होंने कहा कि आप सबसे अच्छे हैं। मैं भी आपकी तरह बनने की कोशिश कर रही हूं। पीएम मोदी हंसते हैं और उनसे हाथ मिलाते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी से हो और वो वीडियो वायरल न हो। ऐसा भला कब हुआ है। पीएम नरेंद्र मोदी की मुलाकात जब भी इटली की पीएम से होती है तो काफी सारे वीडियो वायरल हो जाते हैं। ताजा वायरल वीडियो में जॉर्जिया मेलोनी पीएम मोदी की तारीफ करती



नजर आ रही हैं। मेलोनी ने मोदी से मिलते ही कहा कि आप बेस्ट हैं और मुझे आपके जैसा बनना है। पीएम मोदी की जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। शेयर किए जा रहे वीडियो में मेलोनी मुस्कुराते हुए और पीएम मोदी की दिल से तारीफ करते हुए दिखाई दे रही हैं। उन्होंने कहा कि आप सबसे अच्छे हैं। मैं भी आपकी तरह बनने की कोशिश कर रही हूं।

# आरसीए में विवाद, 2 दिन बाद होने वाली एजीएम स्थगित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स )।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में जारी सियासी विवाद पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दखल के बाद एक बार के लिए थम गया है। इसके बाद अब 20 जून को पुष्कर में आयोजित होने वाली एनुअल जनरल बॉडी मीटिंग को स्थगित कर दिया गया है।

वहीं एडहॉक कमेटी के कन्वीनर जयदीप बिहाणी का कहना है कि अगली मीटिंग कब होगी इसको लेकर मैं फिलहाल कुछ नहीं बता सकता हूं। दरअसल, राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में जारी विवाद को खत्म करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में मंगलवार को एक बैठक आयोजित की गई थी।

इसमें राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में जारी विवाद को लेकर खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सहकारिता मंत्री गौतम दक और भाजपा विधायक और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी के कन्वीनर जयदीप बिहाणी भी मौजूद थे। इस बैठक में मौजूदा कमेटी के कामकाज के साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग और खेल परिषद से जुड़े पिछले दिनों हुए विवादों पर भी चर्चा की गई। लेकिन यह बैठक बेनतीजा रही। इसके बाद अब 24 जून को फिर से राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के भविष्य को लेकर बैठक प्रस्तावित है।






सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर ( राज. ) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# वन विभाग की टीम पर हमला : अवैध खनन रोकने पर भड़के ग्रामीण

बढ़ता राजस्थान






**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** प्रागपुरा पुलिस थाना क्षेत्र के तहत आने वाले बुचारा वन क्षेत्र के बडीया वाली ढाणी में वन विभाग की टीम पर अवैध खनन रोकने पर हमला करने की सूचना मिली है। इस सम्बन्ध में पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई कि उनकी टीम ने अवैध खनन की सूचना पर कार्रवाई करते हुए जे.सी.बी. मशीन और दो ट्रैक्टरों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन खननकर्ताओं ने टीम पर हमला कर दिया। वनकर्मी शेरसिंह बाकोलिया ने बताया कि प्रागपुरा थाना इलाके के ग्राम पंचायत बुचारा में बढियाली की ढाणी स्थित फोरेस्ट विभाग की भूमि पर मंगलवार सुबह करीब 08:30 बजे अवैध खनन कर पत्थर निकाले जा रहे थे। उनकी टीम में रेंजर सतपाल ढिलाण, वनपाल शेरसिंह बाकोलिया, वन रक्षक दिनेश गुर्जर, कैलाश यादव, यादराम, अशोक गुर्जर और मीर सिंह सहायक वनपाल शामिल थे। जब वन विभाग की टीम ने अवैध खनन को रोकने की कोशिश की, तो खननकर्ताओं ने टीम पर हमला कर दिया। हमलावरों ने वन विभाग की टीम के साथ धक्का-मुक्की की और गाली-गलौज की। हमलावरों ने वनरक्षक दिनेश गुर्जर का मोबाइल छीनने की कोशिश की और वर्दी फाड़ने की कोशिश की। वहीं कुछेक महिलाओं ने भी वनकर्मियों पर दबाव बनाते हुए अपने कपड़े फाड़कर उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इस घटना से वनकर्मियों में आक्रोश है और उन्होंने हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस सम्बन्ध में प्रागपुरा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हमलावरों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। वन विभाग की टीम ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने का फैसला किया है और आगे भी अवैध खनन को रोकने के लिए छापेमारी की जाएगी।

वन विभाग की टीम ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने का फैसला किया है और आगे भी अवैध खनन को रोकने के लिए छापेमारी की जाएगी। वन विभाग की टीम अवैध खनन को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पावटा में एक दिवसीय योग ध्यान शिविर का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के भूमिका प्लाजा स्थित एसजीएन हॉस्पिटल व पैरा मेडिकल कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की जागरूकता के लिए बुधवार को एक दिवसीय योग ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग गुरु पूरणमल यादव ने स्टाफ कर्मियों और विद्यार्थियों को स्वस्थ और फिट रहने के महत्व के बारे में बताया और विभिन्न योग और प्राणायाम करवाए। योग गुरु पूरणमल यादव ने कहा कि आज के भौतिकतावाद के दौर में योग क्रियाओं से ही हम स्वस्थ और तनाव मुक्त रहकर सुखी जीवन जी सकते हैं। उन्होंने बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। कॉलेज डायरेक्टर डॉक्टर जयराम यादव, प्राचार्य अंकित गर्ग और मैनेजिंग डायरेक्टर हरिराम यादव ने भी योग पर अपने विचार व्यक्त किए और अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित योग प्रक्रिया को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि योग करने से न केवल हम स्वस्थ रहते हैं, बल्कि हमारी एकाग्रता और उत्पादकता भी बढ़ती है। अंत में, योग गुरु पूरणमल यादव को प्रशस्ति पत्र देकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर स्टाफ कर्मियों और विद्यार्थियों ने योग गुरु पूरणमल यादव का आभार व्यक्त किया और नियमित योग करने का संकल्प लिया।

## नहर विभाग की अनुपयोगी जमीन को कृषि गौण मंडी के लिए आवंटित करने की उठाई मांग

### साहवा व्यापार मंडल अध्यक्ष हनुमान पारीक ने राजेंद्र राठौड़ को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** 4 साल पहले हुई बजट घोषणा अनुसार साहवा नगरपालिका में खुलने वाली गौण मंडी के लिए नहर विभाग कॉलोनी की अनुपयोगी जमीन को कृषि गौण मंडी के लिए आवंटित करने की मांग को लेकर साहवा व्यापार मंडल अध्यक्ष हनुमान प्रसाद पारीक ने वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ को ज्ञापन सौंपा। बुधवार को साहवा में संस्कृत विद्यालय के उद्घाटन समारोह में पहुंचे पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ को ज्ञापन देकर व्यापार मंडल अध्यक्ष हनुमान प्रसाद पारीक ने कृषि गौण मंडी के लिए भूमि आवंटन करने के बारे में अवगत करवाया। ज्ञापन में बताया कि गत सरकार के बजट 2020- 21 में साहवा में कृषि गौण मंडी खोलने की घोषणा हुई थी तथा कृषि उपज मंडी सादुलपुर की ओर से साहवा में गौण मंडी के लिए जमीन का प्रस्ताव भी मांगा गया। लेकिन जगह के अभाव में 4 साल से गौण मंडी खुलने का कार्य अटका पड़ा है। ज्ञापन में बताया कि आस पास के 60/70 गांवो का व्यापारिक जुड़ाव सीधा साहवा कस्बे से है जहां इन गांवों के किसान अपनी उपज बेचने यहां आते है। साहवा में कृषि गौण मंडी खुलने से इन गांवों के किसानों के साथ ही क्षेत्र के व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। ज्ञापन में अवगत करवाया कि साहवा आबादी क्षेत्र के नजदीक स्टेट हाइवे किनारे नहर विभाग कॉलोनी की अनुपयोगी 48 बीघा जमीन है जिसका वर्तमान में नहर विभाग द्वारा कोई उपयोग नहीं किया जा रहा। ऐसे में यह भूमि कृषि गौण मंडी के लिए बेहतर विकल्प है। स्टेट हाइवे किनारे यह भूमि गौण मंडी के लिए आवंटन होने पर आस पास के गांवों के किसानों को वाहनों से अपनी उपज मंडी में लाने में बेहतर सुविधा मिल सकेगी। ऐसे में क्षेत्र के किसानों और व्यापारियों की मांग को ध्यान में रखते हुए नहर विभाग की बंद बड़ी कॉलोनी की जमीन को कृषि गौण मंडी के लिए आवंटित करने की मांग उठाई गई।

## रोटरी क्लब उदयपुर अचीवर्स का आभार समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब उदयपुर अचीवर्स आभार प्रदर्शन समारोह आयोजित किया। समारोह में वर्ष पर्यन्त क्लब को सहयोग देने वाले सेवा साथियों को सम्मानित किया गया। क्लब के वर्तमान अध्यक्ष डॉ जितेंद्र बहल ने सभी सदस्यों का उपरना पहनाकर स्वागत सत्कार किया व आभार व्यक्त किया तथा क्लब की वर्ष भर की उपलब्धियो की जानकारी दी। डॉ.लोम सिमलोत ने इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण सूझाव भी दिये, जिन पर विस्तृत चर्चा की गई। क्लब की संरक्षक मधु सरीन ने क्लब की गतिविधियों की बहुत प्रशंसा की। समारोह में रोटरी वर्ष 2025-26 के लिए हिमांशु कौशल को अध्यक्ष तथा प्रमिला बहल को सचिव मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में डॉ.देवेन्द्र सरीन, डॉ.लोम सिमलोत, डॉ.ज्योत्सना कुमावत, अनुराधा बहल, खुशबू कौशल, सहित अनेक सदस्य मौजूद थे। इस अवसर पर क्लब के आगामी कार्यक्रमों और परियोजनाओं पर भी चर्चा की गई और सभी ने मिलकर क्लब के भावीयोजनाएं बनाई। प्रारम्भ में पूर्वाध्यक्ष अलकेश पंवार, पूर्व सचिव पंकज शर्मा ने सभी सदस्यों का स्वागत व मंगला चरण किया।

## रोटरी क्लब मेवाड़ की वर्ष 2025-26 की कार्यकारिणी गठित

### मनीष गन्ना अध्यक्ष एवं मुकेश शर्मा सचिव बनें

बढ़ता राजस्थान


मनीष गन्ना (अध्यक्ष)


मुकेश शर्मा(सचिव)

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब उदयपुर मेवाड़ की आज एक निजी होटल में आयोजित हुई बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए रो. मनीष गन्ना को अध्यक्ष एवं मुकेश शर्मा को सचिव चुना गया। रोटरी मेवाड़ के संरक्षक हंसराज चौधरी ने बताया कि नवगठित कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष राजीव जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिन्मय चौधरी, उपाध्यक्ष पंकज भाणावत, वरिष्ठ सहायक सचिव दीपेश कोठारी एवं क्लब के विभिन्न पदों पर योगेश पगारिया, अनिल मेहता, संदीप सिंघटवाड़िया, डॉ. अरुण बापना, पवन कोठारी, चेतन जैन, कपूर सी. जैन, महेंद्रपालसिंह छाबड़ा, सुरेश जैन, डॉ. लोकेश जैन, मुकेश गुरानी, आशिष हरकावत, आनंद भूतालिया, अभय मलारा, नीतेश कोठारी, मुकेश महात्मा, राहुल हरण, सुनीत ओरडिया, मनीष कालिका, मनीष भाणावत मनोनीत किए गए। नया सत्र 1 जुलाई से प्रारम्भ होगा।

## रोडवेज बस में पर्स चोरी का खुलासा : दो महिलाएं गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** प्रागपुरा पुलिस ने राजस्थान रोडवेज बस में हुई पर्स चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार महिलाओं में सपना पत्नी नरेश उर्फ गुलशन बावरिया और सुनीता पत्नी सतीश जाति बावरिया दोनों निवासी सोलाके थाना मुनकटी पलवल (हरियाणा) शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार महिलाओं से चोरी का माल बरामद कर लिया गया है, जिसमें सोने की गले की चेन, अंगूठी, मंगलसूत्र, पायजेब, बिछुड़ी और नकदी शामिल है। एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि अपराधों की रोकथाम और चोरी/नकबजनी की घटनाओं के खुलासे के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत प्रागपुरा पुलिस ने इस वारदात का खुलासा किया है। प्रागपुरा थानाधिकारी किरण सिंह ने बताया कि गठित पुलिस टीम में शामिल हैड कॉस्टेबल बाबूलाल, कॉस्टेबल मनोज कुमार, महिला कॉस्टेबल सुनिल, कॉस्टेबल सरोज ने इस वारदात का खुलासा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पुलिस टीम ने अपनी मेहनत और लगन से इस वारदात का खुलासा किया है।

## साहवा में संस्कृत विद्यालय का हुआ शुभारंभ

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने किया उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान




**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे में संस्कृत विद्यालय का शुभारंभ बुधवार को किया गया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने फीता काटकर संस्कृत विद्यालय का उद्घाटन किया। साहवा नगरपालिका अध्यक्ष करमचंद नैण की अध्यक्षता में हुए उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राजेंद्र राठौड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृत सब भाषाओं की जननी है। हमारी सामाजिक संस्कृति का जुड़ाव भी संस्कृत भाषा से है ऐसे में संस्कृत विद्यालय खुलने से क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि आगामी बजट में साहवा में कृषि मंडी और साहवा श्योराणी सड़क बनाने का कार्य भी किया जायेगा। इसके साथ ही क्षेत्र की बिजली पानी की समस्याओ का शीघ्र उचित समाधान किया जायेगा। इस अवसर पर साहवा नगरपालिका चेयरमैन करमचंद नैण, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश सहारण, महावीर पुनिया, राकेश जांगिड़, विद्याधर पारीक आदि ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष करमचंद नैण ने साफा पहनाकर और प्रतीक चिह्न भेंट कर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ का स्वागत किया। ग्रामीणों की ओर से 21 किलो की माला पहनाकर राजेंद्र राठौड़ का स्वागत किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओ ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का साफा और माला पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर चंद्राराम गुरी, अनूप खंडेलवाल, सुशील सरावगी, लीलाधर बागोरिया, अजीतसिंह राठौड़, बबलेश शर्मा, नौरंगलाल सैनी, शिवशंकर अग्रवाल, रामस्वरूप जोशी, रेवंतराम सांडेला, महेंद्र खान कुम्हार, एडवोकेट हजारीराम सैनी, भंवरलाल शर्मा, बंशीधर उपाध्याय, अंकित शर्मा, रघुवीर पारीक, कृष्णलाल बोहरा, मारुति लमानी, प्रमोद उपाध्याय, गिरधारी लमानी, लालचंद बंसल, मंगेजसिंह बालापोता, रवि पारीक, रोहिताश वाल्मीकि, राजेंद्र लिखाला, सारायण सरपंच निर्मलनाथ, नवल दुदानी, शीतल सरावगी, रघुवीर पारीक, नरेंद्र रैगर, राकेश सैनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे।

## चरित्र प्रबल है तो व्यक्ति की अलग ही पहचान होती है : प्रकाशदास महाराज

बढता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** श्री दादूदयाल गौशाला आश्रम के सन्त प्रकाशदास महाराज ने कहा कि देश में चारित्रिक शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि चरित्र प्रबल है तो व्यक्ति की अलग ही पहचान होती है। जिसका चरित्र चला जाता है, उसका सब कुछ चला जाता है। संत प्रकाशदास महाराज मंगलवार को आचार्य अभ्यास वर्ग में उद्बोधन दे रहे थे। इस अवसर पर प्रकाश दास महाराज ने एक देशभक्ति गीत भी प्रस्तुत किया। विद्या भारती के प्रांतीय सह मंत्री व वर्ग पालक हजारीलाल बैरवा ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण मानव जीवन का संरक्षण है। उन्होंने योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग आरोग्य प्रदान करता है। आज पूरा विश्व योग कर रहा है। क्योंकि उसे योग का महत्व समझ में आ गया है। विश्व को भारत ने ही योग सिखाया है। इस अवसर पर डॉ. कमलकिशोर सोनी ने भी विचार व्यक्त किए। सत्र के शुभारंभ पर राष्ट्रीय सह मंत्री हजारीलाल, मुख्य अतिथि डॉ. कमलकिशोर सोनी, संत प्रकाशदास महाराज, प्रांत निरीक्षक अरुणकुमार दुबे व राजकुमार शर्मा आमेर ने भारत माता वी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ टीकमचंद कुमावत, शंभूदयाल शर्मा, गणेश नारायण मीणा, मदनलाल राणा, जयपुर ग्रामीण की आचार्या रेखा शर्मा, प्रवेश, कविता व गरिमा ने प्रभावी वंदना प्रस्तुत करके किया। कार्यक्रम का सफल संचालन आचार्या एकता वर्मा व भावना ने किया। अतिथियों का परिचय वर्ग प्रबंध प्रमुख व स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंदनारायण शर्मा ने करवाया। सभी अतिथियों का दुपट्टा ओढ़ाकर व श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। सोनू स्वामी ने भावगीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिला सचिव दिनेशकुमार शर्मा, विद्यालय व्यवस्थापक योगेंद्र सिंहल, जिला संस्कार प्रमुख राजेश शर्मा, गोवर्धन शर्मा, रामजीलाल गुर्जर, तुलसीराम चौधरी, राजेश जैन, सीताराम महावर व अटल टिंकरिंग लैब प्रभारी अवधेश राजवंशी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## शाहपुरा के कलिजरी गेट क्षेत्र में वर्षों से बंद पड़ा नाला तोड़ा गया, नए नाले का कार्य शुरू

### गंदे पानी की समस्या से मिलेगी राहत, सभापति ने शुरू कराया कार्य



बढता राजस्थान

**भीलवाड़ा /ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** जिले के शाहपुरा शहर के कलिजरी गेट क्षेत्र में वर्षों से बंद पड़ा नाला, जो आए दिन सड़क पर गंदा पानी फैलने का कारण बनता था, आखिरकार बुधवार को नगर परिषद की सक्रियता से तोड़ दिया गया। नगर परिषद सभापति रघुनंदन सोनी के निर्देशन में पुराने नाले को हटाकर नए नाले के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। क्षेत्रवासी लंबे समय से इस समस्या से परेशान थे। नाले की सफाई और बहाव बाधित होने से गंदा पानी सड़क पर फैलकर दुर्गंध और बीमारियों का कारण बन रहा था। नगर परिषद के सभी सफाई कर्मचारी मौके पर जुटे हुए हैं, और तेजी से कार्य किया जा रहा है। सभापति सोनी ने बताया कि जल्द ही नाले का निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को लंबे समय से चली आ रही गंदगी की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद के इस कदम की सराहना की है।

## डीपीएस उदयपुर के सर्वाधिक 16 छात्रों का नीट परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान





**उदयपुर ( नि.स. )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर की कक्षा 12वीं विज्ञान के जीव विज्ञान शाखा के 16 छात्रों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में प्रवेश हेतु अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित नीट 2025 परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परचम फहराया है। अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अथक परिश्रम, निष्ठा व समर्पण से अध्ययन करने वाले इन प्रतिभावान विद्यार्थियों में अथर्व व्यास ने 576 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 4134 प्राप्त की है। इसी क्रम में सुजल पोरवाल, याशवी तुसावड़ा, अमिया वाजपेई, इशिता जैन धुन भूत, दिशिता गर्ग, धारा अचवानी, उत्कर्ष फरताड़े, लावण्या मित्तल, अरुण वर्मा, शौर्य जैन, मान्या राणावत, अयाती जांगिड़, शुभिका भुवारिया, कृष्णा जसूजा और आदित्य राजपुरोहित ने इस प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने सुरक्षित भविष्य की राह चुन ली है।

छात्रों की इस सफलता पर प्रो वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इन बच्चों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। चिकित्सा का क्षेत्र जीवन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। वर्तमान में देश व दुनिया में श्रेष्ठ व कुशल चिकित्सकों की अत्यंत आवश्यकता है। प्राचार्य संजय नरवरिया, उपप्राचार्य राजेश धाभाई तथा प्रधानाध्यापिका सुश्री वरुश्री बनर्जी ने नीट 2025 की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी छात्रों व उनके अभिभावकों को बधाई दी है।

## छात्रा ने ट्रेन के आगे कूदकर की जीवन लीला समाप्त

बढता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** निवाई थाना क्षेत्र के गांव चैनपुरा रेलवे फाटक के पास बिलासपुर एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूदकर एक छात्रा ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा मय जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और छात्रा के क्षत-विक्षत शव को कब्जे में लेकर उप जिला अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया। थानाधिकारी ने बताया कि मंगलवार की रात करीब 7:45 बजे चैनपुरा रेलवे फाटक के समीप बिलासपुर भगत की कोठी जोधपुर जाने वाली ट्रेन के आगे कूदकर 17 वर्षीय छात्रा ने आत्महत्या कर ली। मृतक छात्रा के परिजन शाम करीब 6 बजे से छात्रा की फोटो साथ में लेकर तलाश कर रहे थे। अचानक परिजन निवाई बस स्टैंड पर छात्रा को ढूंढते हुए पहुंचे। तब उन्हें घटना का पता चला। उन्होंने बताया कि मृतका की पहचान कविता वर्मा पुत्री स्वर्गीय हंसराज रैगर निवासी रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे ढाणी जुगलपुरा के रूप में हुई है।

पुलिस ने बुधवार की सुबह पंचनामा तैयार करके शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित

# जनसहभागिता और जनजागरुकता को प्राथमिकता देकर बनायें जन अभियान : ऊर्जा मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने कहा कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान राज्य सरकार की एक दूरदर्शी पहल है। जिसका उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से जल, जंगल और जीवन की रक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, यह हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में यह अभियान प्रदेश में जल संरक्षण के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अभियान को ग्राम स्तर से लेकर शहरी वार्डों तक व्यापक रूप में लागू करते हुए जनजागरूकता और सहभागिता को प्राथमिकता दी जायें। ऊर्जा मंत्री बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान में जिले कि प्रगति की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। मंत्री नागर ने कहा कि अभियान के तहत जल प्रबंधन ढ़ांचे को सुदृढ़ करने के लिए जल संचयन संरचनाओं का निर्माण, जलाशयों का पुनरुद्धार, एनीकट एवं नहरों की मरम्मत, वर्षा जल संग्रहण तथा पर्यावरणीय गतिविधियों से जुड़े कार्यों को गति प्रदान की जा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान से जुड़े सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हों तथा इनका धरातलीय प्रभाव दिखे। ऊर्जा राज्य मंत्री ने प्राचीन जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनरुद्धार पर बल देते हुए इनके संवर्धन को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने वन विभाग को निर्देशित किया कि हरियालो राजस्थान अभियान के तहत अधिकाधिक पौधारोपण किया जाए और उनकी सतत देखरेख एवं जीवित रहने के लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जाएं। मंत्री नागर ने सीएसआर के माध्यम से जिले में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत जिले को आवंटित 15 लाख पौधारोपण के लक्ष्य की पूर्ति हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने वन विभाग की नर्सरियों एवं पंचायती राज विभाग द्वारा मनरेगा के माध्यम से 170 ग्राम पंचायतों की नर्सरियों में विकसित की जा रही पौधों की किस्म व संख्या की जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों को आवंटित कार्यों की प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि नगरीय निकाय द्वारा लव-कुश वाटिका में वॉल पेंटिंग, जल स्त्रोतों की सफाई, पशुपालन विभाग द्वारा गौशालाओं में जल संरक्षण गतिविधियाँ, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा टंकियों एवं अन्य जल स्त्रोतों की सफाई तथा वॉटर शेड विभाग द्वारा निर्माण एवं पुनरुद्धार कार्यों को क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन सभी गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि अभियान के उद्देश्यों की



पूर्ति प्रभावी रूप से हो सके। बैठक में कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, मुंडावर विधायक ललित यादव, जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल, एडीएम ओमप्रकाश सहारण, नगर सभापति पुष्पा सैनी, सचिन यादव, महासिंह, अधीक्षण अभियंता वॉटरशेड हरिमोहन बैरवा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जल संरक्षण की मुहिम में मिल रहा जन-जन का साथ

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का हो रहा आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर जयपुर जिले में वंदे गंगा जल संरक्षण जल अभियान के जल संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में अभियान के तहत हर उपखंड में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा सिंह ने बताया कि राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी पहल 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के अंतर्गत वन विभाग, जयपुर द्वारा समस्त रेंजों में उपवन संरक्षक की देखरेख में एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, जयपुर के नोडल निर्देशन में 'हरियाळो राजस्थान' अभियान को व्यापक स्तर पर क्रियान्वित किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत जल एवं हरित संसाधनों के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए गड्ढे खोदना, कन्टूर ट्रेंच, शॉर्ट गली प्लग जैसे कार्य प्रारंभ किए गए। विभागीय योजनाओं के अंतर्गत निर्मित 575 जल संग्रहण संरचनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर उनकी गुणवत्ता व उपयोगिता की समीक्षा की गई। पर्यावरणीय चेतना जागृत करने हेतु धार्मिक एवं सांस्कृतिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए तुलसी के पौधों का वितरण एवं परिण्डे बांधने की गतिविधियां भी की गई। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.1 के अंतर्गत पूर्ण कार्यों का अवलोकन एवं स्वीकृत कार्यों का स्थल निरीक्षण कर क्रियान्वयन प्रारंभ किया गया। इस चरण में लगभग 60,000 हेक्टेयर क्षेत्र में स्थित 1200 से अधिक स्थलों पर कार्य प्रारंभ किए गए। साथ ही, महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की भी शुरुआत की गई। इस संपूर्ण अभियान की गतिविधियां लव कुश वाटिका सहित विभिन्न स्थलों पर आयोजित की गई, जिनमें विभागीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों की भागीदारी उल्लेखनीय रही।

## सैनी समाज अधिकारी कर्मचारी विकास संस्था, कोटपूतली द्वारा नीट एवं जेईई-एडवांस में सफल छात्र-छात्राओं का सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** सैनी समाज अधिकारी कर्मचारी विकास संस्था, कोटपूतली टीम द्वारा जिला अध्यक्ष ख्यालीराम सैनी एवं ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. धर्मवीर सैनी के नेतृत्व में इस सत्र नीट एवं जेईई-एडवांस परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का उनके घर पहुँचकर सम्मान किया गया।इस अवसर पर विद्यार्थियों के माता-पिता की उपस्थिति में मेधावियों को पुष्पमालाएं पहनाकर एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्था द्वारा सभी विद्यार्थियों को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई एवं समाज के अन्य युवाओं को भी प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया।

इस सम्मान समारोह में संस्था के प्रमुख पदाधिकारी श्योराम सैनी, राजकुमार सैनी, सोमेश सैनी, ताराचंद सैनी, जगदीश सैनी, विजय कुमार सैनी, सुनील सैनी, सुरेन्द्र सैनी, मोहनलाल सैनी, सुभाष जी एवं मुकेश जी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं नवोदित प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करना रहा। संस्था ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की है ताकि समाज के अधिक से अधिक विद्यार्थी उच्च शिक्षा की दिशा में प्रेरित हो सकें।

## पुलिस अधिकारियों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित

लोकल व स्पेशल एक्ट में अधिक से अधिक कार्यवाही करने के दिये निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के पूतली रोड़ स्थित जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बुधवार को एसपी राजन दुष्यंत की अध्यक्षता में पुलिस अधिकारियों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसपी राजन दुष्यंत द्वारा लोकल व स्पेशल एक्ट में अधिक से अधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। पैंडिग प्रकरणों का अधिक से अधिक निस्तारण कर पैंडेंसी कम करने, पोक्सो व बलात्कार महिला अत्याचार व एस.सी/एस.टी के प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीध्र निस्तारण करने, हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के विरुद्ध आपराधिक प्रवृति के अपराधियों को चिन्हित कर गुण्डा एक्ट व राजपासा के तहत प्रभावी कार्यवाही करने तथा टॉप-10, ईनामी व विभिन्न प्रकरणों में वांछित अपराधियां की धरपकड़ कर उन्हें गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये। साईबर क्राईम रिपोर्टिंग पोर्टल की शिकायतां का शीघ्र निस्तारण व साईबर अपराधों की रोकथाम हेतु संदिग्ध बैंक खातां के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत विशेष अधिनियम के तहत अधिक से अधिक कार्यवाही करने व ई सिगरेट निषेध अधिनियम में कार्यवाही करने व भारतीय न्याय संहिता 2023 के 10 वर्ष से अधिक सजा के प्रावधान वाले प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गये। बालश्रम, बंधुआ मजदूरी एवं दुर्व्यापार उन्मूलन अधिक से अधिक कार्यवाही व नाबालिक बच्चों को दस्तयाब करने के निर्देश दिये गये। सोशल मीड़िया पर अवैध हथियारां के साथ पोस्ट करने वाले व सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली टिप्पणियां करने, सोशल मीडिया पर अफवाहे फैलाने भड़काउ पोस्ट करने वालां के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। थानाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में रात्रि गश्त, नाकाबंदी व चैकिंग को बढाया जाकर सम्पति संबधी अपराध के प्रकरणों में सफलता हांसिल करने के निर्देश प्रदान किये गये। साथ ही कानून व्यवस्था के संबध में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान एएसपी (मुख्यालय) वैभव शर्मा, एएसपी नीमराणा शालनी राज, कोटपूतली डीएसपी राजेन्द्र बुरड़क, नीमराणा डीएसपी सचिन शर्मा, बहरोड़ डीएसपी कृतिका, विराटनगर डीएसपी शिप्रा राजावत व जिले के समस्त थानाधिकारी मौजूद रहे।

## नशा छोड़ो, जीवन संवारो अभियान के तहत स्काउट-गाईड शिविर में गूंजा नशा मुक्ति का संदेश

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के नेतृत्व में 01 से 26 जून तक चल रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत बुधवार को राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपूतली में स्काउट गाइड संघ के तत्वाधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन कौशल विकास एवं अभिरुचि शिविर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन सामाजिक कल्याण विभाग जिला कोटपूतली-बहरोड़ के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह यादव ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुये जीवन में संयम, संकल्प और स्वच्छ सोच को अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने सभी को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलवाई और कहा कि युवा वर्ग को जागरूक करना समाज में बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नशा मुक्ति अभियान से जुड़े नरेंद्र सिंह ने भी उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि नशा सिर्फ शरीर नहीं, परिवार, समाज और भविष्य को भी निगलता है। उन्होंने नशा मुक्ति को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच नशा मुक्ति विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं प्रेरक गतिविधियाँ आयोजित की गई। बालकों ने सुंदर-सुंदर स्लोगन और चित्रों के माध्यम से नशे के विरुद्ध अपना संदेश प्रस्तुत किया। भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने आत्मविश्वास और तर्कों के साथ नशे की सामाजिक, मानसिक और शारीरिक हानियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सीताराम गुप्ता एवं स्थानीय स्काउट गाइड संघ के सचिव रामवीर यादव ने किया। इस पूरे आयोजन में बच्चों की सक्रिय भागीदारी व सामाजिक चेतना ने यह स्पष्ट किया कि नई पीढ़ी नशे के खिलाफ जागरूक है और स्वस्थ, संस्कारित समाज की दिशा में अग्रसर है।

## सहरिया परिवारों को आर्थिक रूप से उन्नत कर उनकी सांस्कृतिक विरासत को बचाना हम सभी का पुनीत कर्तव्य : राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर/बारां।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बुधवार शाम जिले की तहसील शाहाबाद की ग्राम पंचायत खटका के ग्राम भावतीपुरा में मॉडल गांव का निरीक्षण कर वन धन विकास केन्द्रों की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, जनजाति आश्रम छात्रावासों एवं पीएम जनमन सहरिया परिवारों के लाभार्थियों से संवाद किया।

राज्यपाल ने पीएम जनमन योजना से संबंधित विभिन्न विकास के कार्यों का अवलोकन कर अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के द्वारा आदिवासियों के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रत्येक प्रयास जन - जन तक पहुंचे इसके लिए सभी अधिकारी कर्तव्य निष्ठा के साथ अपने कार्यों को करें। उन्होंने इस दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर धरातल पर किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार प्रत्येक आदिवासी परिवार का जीवन आधारभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने जनजाति आश्रम छात्रावास में बिजली, पानी एवं भवनों की गुणवत्ता की जांच कर सुविधाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहरिया परिवारों को आर्थिक रूप से उन्नत कर उनकी सांस्कृतिक विरासत को बचाना हम सभी का पुनीत कर्तव्य है।

**कार्यालय नगर परिषद टोंक**

क्रमांक :-न.प.टोंक/निर्माण/2025-26/4421 दिनांक :- 18.06.2025

NOTICE INVITING TENDERS THROUGH
NIT No. 29,30/ 2025-26

Bids are invited from interested bidders from 18.06.2025 (10.00PM) to 30.06.2025 (06.00PM) as per following details. Other particulars of he bid may be visited on procurement portal (www.Sppp.Rajasthan.gov.in, http:/eproc.rajasthan.gov.in) of the state
NIB No. DLB2526A2622

| NIT No. | Name of work | UBN No. |
|---|---|---|
| 29/2025-26 | नगर परिषद क्षैत्र मे वार्ड नं. 01 से 30 तक के विभिन्न स्थानो पर झिकरा डालने एवं फैलाने का कार्य। (अनु.राशि 15.00 लाख) | DLB2526WSOB08323 |
| 30/2025-26 | नगर परिषद क्षैत्र मे वार्ड नं. 31 से 60 तक के विभिन्न स्थानो पर झिकरा डालने एवं फैलाने का कार्य। (अनु.राशि 14.98 लाख) | DLB2526WSOB08324 |

Date & time of opening of tender 01.07.25 2025 at ............ Hrs

आयुक्त
नगर परिषद, टोंक

राज.संवाद/सी/25/4585

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जयपुर में 2 लाख 51 हजार से ज्यादा लोग करेंगे योगाभ्यास

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** आगामी 21 जून को ग्यारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025 मनाया जाएगा। 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' थीम पर आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत जयपुर जिले में 2 लाख 51 हजार से अधिक लोग योग का अभ्यास करेंगे। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन एवं सर्वसाधारण को योग से जोड़ने के लिए प्रेरित करने हेतु अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व जिला कलक्टर के निर्देशों की अनुपालना में आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी एवं हौम्योपैथी (आयुष) विभाग के तत्वाधान में जयपुर के प्रमुख स्थानों पर योग प्रशिक्षकों द्वारा आमजन को योग का अभ्यास करवाया जा रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन के प्रभारी एवं आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. बत्तीलाल बैरवा ने बताया कि जयपुर शहर के विभिन्न धार्मिक व पर्यटन स्थलों प्रमुख स्थानों के साथ-साथ उपखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर तक योग प्रशिक्षकों द्वारा आमजन को योग का अभ्यास करवाया जाएगा। सामूहिक योगाभ्यास

**11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए किया निर्देशित**

**सर्वसाधारण को योगाभ्यास से जोड़ने के लिए प्रेरित करने का किया आह्वान**

से पूर्व आयोजन स्थल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संबोधन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जयपुर शहर में सवाई मानसिंह स्टेडियम 3000 प्रतिभागी, अल्बर्ट हॉल, रामनिवास बाग 200 प्रतिभागी, बिड़ला मन्दिर 600 प्रतिभागी, सिटी पार्क मानसरोवर 200 प्रतिभागी, हवा महल के सामने 100 प्रतिभागी, पत्रिका गेट 700 प्रतिभागी, सेन्ट्रल पार्क 600 प्रतिभागी, जलमहल 1000 प्रतिभागी, आमेर फोर्ट 600 प्रतिभागी, श्री गलता जी मंदिर 200 प्रतिभागी, सिटी पैलेस 100 प्रतिभागी, श्री गोविन्द देव जी मन्दिर 200 प्रतिभागी, जयगढ़ फोर्ट 100 प्रतिभागी कुल 9400 सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि



जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में धार्मिक एवं पर्यटन स्थल जमवाय माता मन्दिर, जमवारामगढ, शीतला माता मंदिर, चाकसू, शाकम्भरी माता मन्दिर (कोरसीना), श्री दादू धाम पीठाधीश्वर मंदिर, नरैना, एवं ब्लॉक स्तर तथा ग्राम पंचायत स्तर पर एवं सभी आयुर्वेद चिकित्सालय, औषधालय, आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में संभावित कुल 251000 योगाभ्यासियों को दक्ष योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि जयपुर जिले में स्वयं सेवी संस्थाओं, योग संस्थाओं एवं विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं के द्वारा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी योगा कराया जायेगा। योगा संगम पोर्टल पर अब तक 1 हजार 652 स्थानों का रजिस्ट्रेशन करवाया जा चुका है।

**राजस्थान सरकार**

कार्यालय उपनिदेशक उद्यान, अमरुद उत्कृष्टता केन्द्र,
देवडावास, टोंक, राजस्थान-304602
Email:-DDHCOETONKHORT@RAJASTHAN.GOV.IN

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कार्यालय उप निदेशक उद्यान, अमरुद उत्कृष्टता केन्द्र, देवड़ावास, टोंक की ओर से उद्यानिकी नवाचार तकनीकी ग्राहय केन्द्र, थडौली, टोडारायसिंह (राजस्थान) पर जल संग्रहण ढ़ावा निर्माण (फार्म पाँड) प्लास्टिक लाईनिनंग सहित एवं नवीन पौध रोपण के लिए भूमि की तैयारी एवं समतलीकरण के कार्य हेतु विनिर्दिष्ट सार्वजनिक निर्माण विभाग/सिंचाई विभाग/जल ग्रहण विभाग एवं अन्य विभागों में पंजीकृत निर्माताओं/आपूर्तिकर्ताओं/संवेदकों से निविदा आमंत्रित की गई है।

NIB-HOR2526A0040&UBN-HOR2526WSOB00042
NIB-HOR2526A0041&UBN-HOR2526WSOB00043

| क्र. सं. | कार्य विवरण | अनुमानित लागत | निविदा दस्तावेज विक्रय करने की दिनांक समय | निविदा दस्तावेज प्रस्तुत करने की अन्तिम दिनांक एवं समय तथा निविदा खोलने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जल संग्रहण ढ़ांचा निर्माण (फार्म पोंड) प्लास्टिक लाईनिंग सहित | 7.00 लाख | दिनांक 12.6.2025 से 19.6.2025 दोपहर बाद 4.0 बजे तक | दिनांक 20.6.2025 को दोपहर 12.30 बजे तक तथा दिनांक 20.6.2025 को दोपहर 1.30 बजे बाद |
| 2. | नवीन पौध रोपण के लिए भूमि की तैयारी एवं समतलीकरण के कार्य | 3.50 | | |

उप निदेशक उद्यान
सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस
देवड़ावास, टोंक।

## सम्पादकीय

# एफएटीएफ के खुलासे से फिर बेनकाब हुआ पाकिस्तान, आतंकियों की फंडिंग में पकड़ा गया हाथ

पाकिस्तान आतंकियों की सुरक्षित पनाहगाह है। वह न सिर्फ पनाह देता है, बल्कि आतंकियों की फौज तैयार कर उनका वित्त पोषण भी करता है। वहां की सेना और खुफिया एजंसी आइएसआइ इन आतंकियों को भारत के खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल करती हैं। भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कई बार पाकिस्तान की इन नापाक हरकतों को सबूतों के साथ उजागर कर चुका है। इसके बावजूद वह आतंकवाद से अपने जुड़ाव को हमेशा नकारता रहा है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमला सीमा पार से प्रायोजित था, घटना की जांच के बाद मिले सबूत इसकी गवाही देते हैं। अब वैश्विक निगरानी संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) के एक बयान से भी इसकी पुष्टि हो गई है। उसने दो टूक कहा है कि पहलगाम आतंकी हमला वित्तीय मदद के बिना संभव नहीं था। इससे पाकिस्तान आतंकियों की धन-बल से मदद करने के मामले में एक बार फिर बेनकाब हुआ है। यह पहली बार है जब राज्य प्रायोजित आतंकवाद की अवधारणा को एफएटीएफ ने वित्तपोषण स्रोत के रूप में स्वीकार किया है।

वित्तीय कार्रवाई कार्यबल का यह बयान इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि भारत ने पहलगाम हमले के बाद पिछले दिनों 'आपरेशन सिंदूर' चलाकर सीमा पार कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया था। इसके उपरांत भारत के संसदीय प्रतिनिधिमंडलों ने कई देशों में जाकर पाकिस्तान और आतंकियों के गठजोड़ को उजागर किया। वैश्विक निगरानी संस्था ने भले ही अपने बयान में सीधे तौर पर पाकिस्तान का नाम नहीं लिया, लेकिन यह किसी से छिपा नहीं है कि आतंकियों को कौन वित्तीय मदद मुहैया कराता है। एफएटीएफ विभिन्न देशों में जांच का दायरा बढ़ाएगा, ताकि इस बात का पता लगाया जा सके किन देशों में आतंकी वित्तपोषण हो रहा है और इससे निपटने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। जांच के बाद इस पर एक रपट भी जारी की जाएगी। अगर रपट तैयार करने में निष्पक्ष व पारदर्शी प्रणाली अपनाई गई तो पाकिस्तान की असलियत फिर जगजाहिर होगी। भारत ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाई है। भारत अब इस बात पर जोर दे रहा है कि पाकिस्तान का नाम फिर से एफएटीएफ की 'ग्रे' सूची में डाला जाए। इस सूची में शामिल होने वाले देशों में आतंकी वित्तपोषण और धनशोधन जैसे मामलों की निगरानी की जाती है। पाकिस्तान को कई बार इस सूची में शामिल किया गया है। मगर, सवाल यह है कि सब कुछ जानते हुए भी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसे वैश्विक वित्तीय संस्थान पाकिस्तान पर मेहरबान क्यों है?

'आपरेशन सिंदूर' के बाद इन दोनों वैश्विक संस्थाओं ने भारत के विरोध के बावजूद पाकिस्तान को बड़ी राशि कर्ज के रूप में मंजूर की है। अगर, वैश्विक संस्थाएं वास्तव में आतंकवाद के खात्मे को लेकर गंभीर हैं, तो उन्हें सबसे पहले आतंकियों की मदद करने वाले देशों को चिह्नित कर उनकी वित्तीय व अन्य सहायता रोकनी होगी। सिर्फ आतंकवाद की निंदा करने से कुछ हासिल नहीं होगा। इसके लिए सही मायने में धरातल पर काम करने की जरूरत है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 19 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 'दास कैपिटल' के लेखक और समाजशास्त्री काल मार्क्स ने 1843 में विवाह किया।
- यूनियन जनरल ग्रैनर ने 1865 में टेक्सास के सभी गुलामों को आजाद किया।
- पहला फादर्स डे वाशिंगटन में 19 जून 1910 को मनाया गया।
- सोवियत संघ ने 1948 में पश्चिमी बर्लिन की ओर जाने वाली सड़कों को बंद कर दिया।
- मार्टिन लूथर किंग के नेतृत्व में 1968 को आर्थिक न्याय के लिए 50,000 लोगों ने प्रदर्शन किया।
- हिजबुल्लाह ने 1982 में आतंकी हमला करके बेरुत यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष को अगवा कर लिया था।
- सोवियत संघ ने 1991 में हंगरी को अपने कब्जे से आजाद किया था।
- बौद्धिक संपदा क़ानून (आई.पी.आर.) पर 19 जून 1996 कोचीन एवं सं.रा. अमेरिका में हुए समझौते।
- प्रसिद्ध अंपायर डिकी बर्ड एम.सी.सी. को आजीवन सदस्यता से 19 जून 1996 को सम्मानित किया गया।
- पाकिस्तान के विदेश सचिव इनामुल हक को पाकिस्तान का 19 जून 2002 को विदेश मंत्री बनाया गया।
- फ़िनलैंड की प्रथम महिला प्रधानमंत्री एनेली जाटिनमांकी ने अपने पद से 19 जून 2003 को इस्तीफ़ा दिया।
- फ़ोर्ब्स पत्रिका ने ओफ़्रा विनफ़्रे को दुनिया की सौ ताकतवर हस्तियों में 19 जून 2005 को पहला स्थान दिया।
- जापान ने उत्तरी कोरिया को परमाणु परीक्षण मामले पर 19 जून 2006 को कड़ी चेतावनी दी।
- पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने 2007 में सूचना मंत्री के पद से मोहम्मद अली दुर्रानी को हटाया। विश्व में राजनीतिक रूप से अस्थिर देशों की सूची में पाकिस्तान को 12वाँ स्थान प्राप्त हुआ।
- उत्तराखण्ड सरकार ने 2008 में गंगा पर निर्माणाधीन 480 मेगावाट की पाला मनेरी व 380 मेगावाट की भैरोंधारी परियोजना को स्थगित किया।
- गाजापट्टी में हिंसक संघर्ष रोकने के लिए इस्त्रायल व हमास के बीच 2008 में युद्ध विराम समझौता लागू हुआ।
- फ्रांस के राजा लुई ने 1269 में सभी यहुदियों को शर्म का बिल्ला पहनने का फरमान जारी कर दिया।

### 19 जून को जन्मे व्यक्ति

- राष्ट्रभाषा हिन्दी के उन्नायक, प्रखर चिंतक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी माधवराव सप्रे का जन्म 1871 को दमोह के पथरिया ग्राम में हुआ।
- डेनमार्क के भौतिक विज्ञानी, नोबेल पुरस्कार विजेता आजे नील्स बोर का जन्म 1922 में हुआ।
- उत्तराखंड और सिक्किम के पूर्व राज्यपाल सुदर्शन अग्रवाल का जन्म 1931 को हुआ।
- कई साल कैद और घर में नजरबंद रहने के बावजूद दुनिया में आजादी का प्रतीक बनकर उभरीं आंग सान सू की का जन्म 1945 को हुआ।
- मशहूर ब्रिटिश-भारतीय लेखक और उपन्यासकार सलमान रश्दी का जन्म 1947 को हुआ।

## विशेष आलेख

# होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करना ईरान के लिए कितना लाभकारी रहेगा



रामस्वरूप रावतसरे

**इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच एक नई समस्या भी मुँह बाए खड़ी है। दोनों देशों का युद्ध दुनिया भर के लिए गैस और तेल की कीमतें बढ़ा सकता है। इस समस्या की जड़ असल में ईरान से जुड़ी है। असल में स्ट्रेट ऑफहोर्मुज (होर्मुज जलडमरूमध्य) को लेकर कयास लग रहे हैं कि ईरान इस रास्ते को बंद कर सकता है। हालाँकि अब तक तो ऐसा नहीं हुआ है लेकिन भविष्य में अगर ऐसा होता है तो इसका सीधा असर वैश्विक बाजार पर पड़ेगा। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनियाभर के लिए काफी महत्वपूर्ण रास्ता है। स्ट्रेट ऑफहोर्मुज ईरान और ओमान के बीच स्थित है। ये फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है। ये इतना गहरा और चौड़ा है कि दुनिया के सबसे बड़े कच्चे तेल के टैंकर्स को भी आराम से संभाल सकता है। इसके साथ ही यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल चोकपॉइंट्स में भी शामिल है।**

इस रास्ते से काफी बड़ी मात्रा में तेल को एक जगह से दूसरी जगह पहुँचाया जाता है। अगर ईरान इस रास्ते को बंद करता है तो दुनियाभर के कई देशों को इसका नुकसान झेलना पड़ सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस तेल के लिए रास्ते से परे अन्य वैकल्पिक रास्ते काफी कम और लंबे हैं। अगर किसी एक चेकप्वाइंट से दूसरे तक के बीच कोई भी परेशानी होती है तो सबसे पहले आपूर्ति में देरी होगी। इसके चलते शिपिंग की लाग बढ़ेगी और अतंत: वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की कीमतों में इजाफा होगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए अमेरिकी नौसेना का पाँचवाँ बेड़ा बहरीन के मनामा में रहकर जलडमरूमध्य की निगरानी करता है। अगर होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी भी तरह से रुकावट आती है या इसे अस्थायी रूप से बंद किया जाता है, तो इससे वैश्विक तेल बाजार में झटके लग सकते हैं। इस जलडमरूमध्य से 2024 में प्रतिदिन 2 करोड़ बैरल तेल का आवागमन हुआ था। ये आँकड़ा वैश्विक पेट्रोलियम खपत का लगभग 20 प्रतिषत के बराबर था। वहीं 2025 के शुरुआती तीन महीनों में पेट्रोल का कारोबार 2024 की अपेक्षा स्थिर ही रहा। 2024 और 2025 के आँकड़ों में होर्मुज से होकर जाने वाले तेल वैश्विक तेल व्यापार का एक चौथाई से अधिक और पेट्रोलियम उत्पाद और तेल के खपत का लगभग 5वाँ हिस्सा होगा। बैरल, पेट्रोल या कच्चे तेल को मापने की इकाई है जिसका उपयोग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कारोबार का लिए होता है। एक बैरल 159 लीटर के बराबर होता है। वोर्टेक्सा द्वारा प्रकाशित टैंकर ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, सऊदी अरब होर्मुज जलडमरूमध्य से किसी भी अन्य देश की तुलना में सबसे अधिक कच्चा तेल और कंडेनसेट का आवागमन करता है। 2024 में सऊदी अरब से कच्चे तेल और कंडेनसेट का निर्यात पूरे कारोबार का 38 प्रतिषत था। अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की कार्रवाई करता है तो सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को नुकसान पहुँचेगा। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए सऊदी और यूएई ने इस रास्ते को बायपास करने का एक बुनियादी ढाँचा तैयार कर रखा है। इसके तहत पाइपलाइनें बिछाई गई हैं जो इस रास्ते में आने वाले अड़ंगों को कुछ हद तक कम कर सकता है। हालाँकि ये पाइपलाइनें पूरी तरह से संचालित नहीं होतीं, फिर भी किसी तरह के व्यवधान होने पर सऊदी अरब और यूएई होर्मुज जलडमरूमध्य को बायपास कर प्रतिदिन 260 लाख बैरल के आवागमन की क्षमता रखती है। होर्मुज जलडमरूमध्य में आठ प्रमुख द्वीप हैं। इनमें से सात पर ईरान का नियंत्रण है। अबू मूसा, ग्रेटर टुंब और लेसर टुंब द्वीपों को लेकर ईरान और संयुक्त अरब अमीरात के बीच विवाद है। ये तीनों द्वीप रणनीतिक रूप से दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण हैं। 1970 के दशक से, ईरान ने इन द्वीपों पर अपनी सैन्य उपस्थिति बनाए रखी है। इसके अलावा, चाबहार, बंदर अब्बास और बुशहर में स्थित नौसैनिक अड्डों से ईरान की नौसेना सागर पर नियंत्रण करती है। इससे जलडमरूमध्य पर इसका मजबूत प्रभाव देखने को मिलता है। ईरानी खाड़ी के तट पर जलवायु अत्यधिक गर्म और शुष्क है। जुलाई और अगस्त के महीने इस क्षेत्र के लिए सबसे अधिक गर्म होते हैं। इसके चलते वहाँ रहना मुश्किल है। फिर भी तेल का क्षेत्र होने के कारण थोड़ा बहुत विकास किया गया है। जलडमरूमध्य के आसपास के क्षेत्रों में धूल, सुबह की धुंध और धुंधलापन होता है।

इससे भी वहाँ की दृश्यता प्रभावित होती है। होर्मुज जलडमरूमध्य की रणनीतिक स्थिति इसे काफी अहम बना देती है। ओमान और ईरान के बीच होने के कारण ये कुवैत, सऊदी अरब, इराक, कतर, बहरीन और यूएई को अरब सागर और उससे आगे जोड़ता है। जैसे-जैसे पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ रहा है, होर्मुज जलडमरूमध्य का महत्व भी बढ़ता जा रहा है। भारत के लिए यह संकट देश की रणनीतिक साझेदारी को बेहतर बनाने और नए ऊर्जा स्त्रोतों पर काम करने की जरूरत बता रहा है। जानकारी के अनुसार इजरायल की ओर से ईरान पर हमले किए जाने के बाद शिया मुल्क के कई सैन्य ठिकाने और परमाणु कार्यक्रम तबाह हो गए बताए जा रहे हैं। इससे बौखलाए ईरान ने जलडमरूमध्य बंद करने की धमकी दी है। हालाँकि इस रास्ते को पूरी तरह से बंद करने की आशंका कुछ कम ही जताई जा रही है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। इन कारणों में ईरान के कुछ देशों के साथ बेहतर संबंध और आर्थिक स्थिरता समेत कई पहलू शामिल हैं। ईरान और चीन के संबंध काफी बेहतर हैं। चीन ईरान के तेल का तीन- चौथाई हिस्से का आयात करता है जो कि सबसे अधिक है। ऐसे में जलडमरूमध्य का रास्ता बंद होने से चीन के लिए भी आपूर्ति बाधित होगी। इसके लिए दोनों देष तैयार नहीं होंगे। इसके अलावा इस रास्ते के बंद होने से ईरान के ओमान के साथ रिश्ते खराब हो सकते हैं। ओमान समुद्री रास्तों के जरिए कारोबार की आजादी का समर्थन करता रहा है। साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य के दक्षिणी हिस्से पर अपना नियंत्रण भी रखता है। इजरायल के साथ तनाव के चलते ईरान पहले से ही कई संघर्षों का सामना कर रहा है। ऐसे में अगर ये रास्ता बंद होता है तो ईरान को ही भारी कीमतों और उससे उत्पन्न परेषानियों को झेलना पड़ेगा।

# तेरा क्या होगा रे कालिया..............



रूपक शर्मा

**एक बार एक संत थे संत बड़े भजनानन्दी थे। आनन्द के साथ शहर से 78 किलोमीटर दूर जंगल में एक कुटिया बना कर रहते थे। संत दिखते ही नहीं बल्कि सच में संत ही थे। कोई नेतागिरी नहीं कोई गद्दी का मोह नहीं बस उस महाशक्ति का नाम कभी भजन के नाम से तो कभी श्रृद्धा और भक्त के रूप में लेना ही उनकी दिनचर्या थी। संत के पास शहर से दो युवा आते थे। समय बीता दोनों युवाओं की नौकरी लग गई। विवाह हो गया और कुछ साल बाद बगो भी हो गए। दोनों की नौकरी अलग-अलग शहर में लगने से दोनों का मिलना भी काफी कम हो गया था। लगभग 20 साल बाद दोनों एक ही शहर में नौकरी करने लगे।**

बगो बड़े होने लगे अब ऐसे में दुनियां के आनन्द तो ले ही रहे थे उम्र के साथ सत्य और यथार्थ भी भाने लगा सो उन्हीं संत की बातें करने लगे। जाँच पड़ताल की तो पता चला आज भी संत वहीं हैं पर काफी बीमार चल रहे हैं। दोनों मित्रों ने प्लान बनाया कि संत महाराज के दर्शन करने चलेंगे। एक दिन दोनों मित्र अपने वाहन से निकल लिए। संत के उसी आश्रम में पहुँचे जहां छोटी सी कुटिया में संत रहते थे। संत अकेले कुटिया के भीतर लेटे हुए थे एक पुरानी सी चादर पैरों पर आढ़े हुए थे, ये दोनों पहुँचे और संत को प्रणाम किया और अपना परिचय दिया कि हम अमुक व्यक्ति हैं जो 20 वर्ष पहले आपके पास यहां आते थे। बाद में 99 के फेर में ऐसे अटके कि काम,लोभ व मोह ने आपके पास आने नहीं दिया। कुछ घरेलू मजबूरियां भी रहीं महाराज। खैर संत पहचान गए। उन्होंने संत को फल काट कर दिया बा मुश्किल लेटे हुए संत को खड़ा किया। ऐसे में अचानक चादर हट गई,एक मित्र देखकर आवाक रह गया कि महाराज के पाँव पर एक जख्म था जिसमें कीड़े पड़े हुए थे, महाराज फल खाकर थोड़ा आराम करने लगे,उन्हें नींद आ गई। दोनों मित्रों में से एक मित्र ने एक कागज के टुकड़े से महाराज के जख्म पर लगे कीड़े हटाना चाहा, वो कुछ ही कीड़े हटा पाया कि संत की आँखे खुल गई। संत ने कहा इन कीड़ों को वापस जख्म पर लगा दो, दोनों संत की बातें सुनकर अचरज में पड़ गए। आशिर्वाद देने की बजाय संत उस पर बिगड़ गए कि क्यों हटाये कीड़ों को। युवक ने वापस उसी कागज से कीड़े जख्म पर लगा दिए। संत मुस्काए और बोले ये प्रारंध है भोगना तो पड़ेगा अब कीड़े कटवाने के लिए दूसरा जन्म लूं इतना तो पागल नहीं हूं मैं। इसलिए ये पूर्व जन्म के कर्मो का हिसाब है इस बार कीड़े हटवा दूंगा पर अगले जन्म में ना जाने किस योनि में आना पड़े फिर कीड़े किससे हटवाऊंगा। मेरे दो जन्म खराब हो इससे अ%छा प्रभु इसी जन्म में कर्मो का लेखा जोखा कर लें। दोनों मित्र सोचने लगे इतने भक्त व भजनानंदी साधु के साथ ये हाल हैं तो तेरा क्या होगा कालिया? ये कालिया शोले मूवी का डाकू नहीं बल्कि संत को देखकर बेईमानी से पैसे कमाने वाले दोनों व्यक्ति एक दूसरे की शक्ल देखने लगे एक मित्र बोला जोकि सिचाई विभाग में था कि हिसाब तो होना ही है यहां नहीं तो अगली बार जब संत नहीं बच पाए अपने कर्मो के हिसाब से तो हमने तो ना जाने कितनी ही जमीनों पर कागजी कुँए बना ड़ाले,ना जाने कितने ही गरीबों की जमीन को सरकार के अधीन करवा अमीरों से पैसे लेकर उनके फार्म हाऊस की रक्षा की है। दूसरा इंसान ट्रांस्पोट विभाग में था वो बोला यार सही कह रहा हैं भाई मैंने ना जाने कितने ही खटारा वाहनों को एनओसी जारी की थी जोकि बाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। ना जाने कितने ही ऐसे लोगों की गाड़ियों के परमिट बनाए जोकि गाडियों के माध्यम से नशे का कारोबार करते थे। तेरा क्या होगा कालिया वाला सीन नजर आ रहा है। मित्रों ये शास्वत सत्य है कि यहां हिसाब तो होना ही है यदि बच गए तो अगले जन्म का इंतजार कीजिए।

**रूपक शर्मा**
**संपादकीय प्रभारी,अलवर संस्करण**

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



**जोगेन्द्र चौधरी**
**(पुलिस निरीक्षक राज:पुलिस)**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान पुलिस के शानदार और जाँबाज पुलिस निरीक्षक जागेन्द्र चौधरी जी। 3 नवम्बर सन 1997 को वर्दी पहनी और अपने कर्तव्य पथ पर चल निकले। अनेक स्थानों पर थानाधिकारी रहे और आज जोधपुर विकास प्राधिकरण में अतिक्रमण निरोधी दस्ता प्रभारी के रूप में अपनी सेवाए दे रहे हैं। इन्होनें अपने फर्ज व कर्तव्य के लिए अपनी जान की परवाह भी नही की और आरोपी के बच्चों को बचाने के लिए धहकती आग में कूद पड़े। मामला सन 2010 को है जब जोगेन्द्र जी आसपुर थानाधिकारी थे। अपने बच्चों के साथ बाजार से कुछ घरेलू सामान खरीद रहे थे पत्नी भी साथ थी। बच्चों का मन भी होता है कि आज बाहर का कुछ खाया जाए तो किसी होटल में भोजन का इंतजार कर रहे थे तभी वायरलैस पर मैसेज आया कि इलाके में कोई मर्डर हो गया और गाँव वालों ने उस हत्यारे के घर तोड़फोड व आगजनी कर दी है। बच्चों को घर उतारा और खुद वर्दी लगाकर मौके पर रवाना हुए तो देखा दो परिवारों में आपसी कहासुनी के बाद झगड़ा हो गया ऐसे में एक परिवार के लोगों ने दूसरें परिवार के सदस्य की हत्या कर दी थी ऐसे में गाँव वालों ने उसके घर में आग लगा दी। आग पशुओं के बाड़े तक पहुँच रही थी जैसे तैसे पशुओं को खोला तो ईधर से आवाज आई कि जलते हुए घर में बच्चों के रोने की आवाजें आ रही हैं। ऐसे में इस जाँबाज अधिकारी ने अपनी जान की परवाह किए बैगर दहकती आग में कूद कर बच्चों बचाने के लिए घर में घुस गए, इनके पीछे दो ग्रामीण भी घुस गए इधर उधर देखने के बाद वहां रखा एक गैस सिलेण्ड़र ब्लास्ट हो गया। थानाअधिकारी आगे ही आगे थे सो आग का के गोले ने इन्हे अपने आघोष में ले लिया। बाहर निकल कर मिट्टी में लौट पोट हुए ताकि आग बुझ सके। आग तो बुझ गई लेकिन इनके हाथ व चेहरा बुरी तरह से झुलस गए गाँव में पीएचसी पर प्राथमिक उपचार के बाद इन्हे उदयपुर के गीतांजलि हॉस्पिटल में ले जाया गया जहां इनका उपचार हुआ। फर्ज व खाकी के कर्तव्य की निशानी आज डेढ दशक बाद भी हाथों में नजर आ रही है। टीम बढ़ता राजस्थान ऐसे शानदार अधिकारी के हौसले को सल्यूट करती है।

**रूपक शर्मा**

## 2025_043

बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | 6 | 9 | | | 8 |
| | | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | | 4 |
| | 1 | 5 | | | 4 | | | |
| 1 | | | 7 | 4 | | 3 | 2 | |
| 4 | | | | 9 | | | | 7 |
| | 3 | 9 | | 5 | 2 | | | 1 |
| | | | 6 | | | 8 | 1 | |
| 5 | | 1 | 4 | 2 | 8 | 6 | | |
| 6 | | | 9 | 1 | | 7 | | |

**Ans_2025_042**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 1 | 7 | 9 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 2 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 | 3 | 7 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 9 |
| 8 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 3 | 4 | 2 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 8 | 2 | 5 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 7 | 4 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए खर्चों से भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों को थोड़ा संयम रखकर सुलझाने की आवश्यकता है। आप अपने मनमाने व्यवहार के कारण कुछ परेशान रहेंगे।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप जीवनसाथी के साथ मौज मस्ती भरे पलों का आनंद लेंगे। आपकी किसी खास व्यक्ति से मुलाकात होगी। प्रॉपर्टी को लेकर आप कोई लेनदेन थोड़ा सोच समझकर करें।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप टीमवर्क के जरिए किसी काम को आसानी से पूरा कर सकेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आप दोस्तों के साथ कुछ समय बातचीत करने में व्यतीत करेंगे। यदि आपको किसी काम को लेकर कोई समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है।

**सिंह**
आज खुशियों से सराबोर रहने वाला है। आपको किसी से उधार का लेन-देन करने से बचना होगा। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियां अधिक रहेगी। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को उनके कामों से एक नई पहचान मिलेगी।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपका कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ेगा। बिजनेस की नई योजनाएं शुरू हो सकती है, जो आपको बेहतर लाभ देगी। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। पारिवारिक जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी। संतान को आप किसी नए कोर्स में काफिला दिला सकते हैं। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से आपके खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। सामाजिक कामों में आप बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। आपको अपने पारिवारिक मामलों में किसी बाहरी व्यक्ति से सलाह लेने से बचना होगा।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए कुछ विशेषकर दिखाने के लिए रहेगा। आज का दिन आपकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए रहेगा, क्योंकि आप अपने कामों को आसानी से पूरा कर सकते हैं।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। जमीन-जायदाद से जुड़ा मुद्दा सुलझ सकता है। कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामले आपको बेहतर लाभ देंगे। आप जल्दबाजी में कोई फैसला लेने से बचें।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को साथी की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है।

**मीन**
आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको किसी पुरानी छोड़ी हुई नौकरी से बुलावा आ सकता है। आपको कार्यक्षेत्र में अपने सहयोगियों का पूरा साथ मिलेगा। आपकी कुछ नया करने की इच्छा जागृत हो सकती है।

### ब्लॉक स्तरीय वंदे गंगा जल सरंक्षण जन अभियान आयोजित

# मालपुरा विकास में अग्रणी रहेगा यह मेरा वादा : कन्हैयालाल चौधरी

. बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** उपखण्ड मालपुरा प्रशासन के तत्वावधान में बुधवार को छतरेश्वर महादेव मन्दिर प्रागंण में ब्लाक स्तरीय वंदे गंगा जल सरंक्षण जन अभियान का शुभारम्भ जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने किया।

अभियान का शुभारम्भ करने के बाद आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि मालपुरा क्षैत्र विकास में अग्रणी रहेगा यह मेरा वादा है लेकिन आम जन को भी इसमें सक्रिय भूमिका अदा करनी होगी। जलदाय मंत्री चोधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार और प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार आम जन को पानी के महत्व के बार में जागरूक करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा है कि जल है तो जीवन है जल में बिना जीवन की कामना करना भी मुश्किल है। जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि मालपुरा शहर विकास की दृष्टि से अग्रणी रहेगा लेकिन इसके लिए आम जन को भी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। मालपुरा शहर के विकास के बारे में जानकारी देते हुए जलदाय मंत्री चौधरी ने बताया कि ब्र्म तालाब का विकास होगा, नया बस स्टेण्ड बनेगा, महावीर मार्ग सहित शहरवासियो की आम राय से पुराने बस स्टेण्ड पर भी ऐसा होगा जिससे चहल पहल बनी रहे। इसके अलावा शहर में पेयजल की नई लाइने डलेगी, विद्युत की लाईनो को भूमिगत किया जाएगा, सीवरेज लाईने भी डाली जाएगी, नए अस्पताल भवन के लिए भूमि का चिन्हीकरण कर 50 करोड़ रूपये की स्वीकृति मिल चुकी है। अभियान के अन्तर्गत दस हजार पौधे लगाए जाने का लक्ष्य है जिसके आम जन के साथ साथ स्वयंसेवी एवं सामाजिक संस्थाओ का सहयोग आवश्यक है। समारोह को सम्बोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने कहा कि पालिका प्रशासन शहर के विकास में अपनी ओर पूरा सहयोग प्रदान करेगा। साथ ही मालपुरा के सर्वांगीण विकास में जुटे जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का पालिकाध्यक्ष ने आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पालिकाध्यक्ष ने कहा कि वे तथा सम्पूण्र पालिका प्रशासन विकास चाहता है और मंत्री जी के साथ मिलकर विकास की गति को ओर बढ़ाने में सहयोग दिया जाएगा। अभियान के बारे में मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका ने विस्तार से जानकारी दी एवं अंत में अतिरिक्त जिला कलक्टर विनोद मीणा ने



प्रशासन की ओर से सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश आनन्द ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कलश यात्रा से हुआ जिसका शुभारम्भ उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने पूजा अर्चना कर किया।

**ये रहे मोजुद :-** कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या, भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नरेन्द्र जैन नीटू, प्रधान सकराम चौपड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन, पूर्व पालिकाध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार जैन , डीआर छोगालाल गुर्जर, सहित मालपुरा क्षैत्र के सभी भाजपा मंडल अध्यक्षो के अलावा मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका, अतिरिक्त जिला कलक्टर विनोद मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम बेनीवाल, उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चोधरी, तहसीलदार पवन मातवा, थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा, नगरपालिका के प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट, पालिका के कनिष्ठ अभियन्ता कनिष्क कुमावत, कनिष्ठ सहायक मोहित विजय सहित ब्लाक स्तर के सभी अधिकारी,कर्मचारियो के साथ साथ भारी संख्या में शहरवासी मौजुद रहे।

## जलदाय मंत्री 9.47 करोड़ की लागत से निर्मित एफएसटीपी प्लान्ट का शुभारम्भ किया



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा पालिका क्षैत्र स्थित सुईवालो की ढाणी में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत निर्मित एफएसटीपी प्लान्ट का प्रदेश के जलदाय मंत्री ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। बुधवार को प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी नवनिर्मित प्लांट पर पहुंचे। जहां चौधरी ने भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या, भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नरेन्द्र जैन, धनरूप शर्मा के अलावा अतिरिक्त जिला कलक्टर विनोद मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम बेनीवाल, उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चोधरी, तहसीलदार पवन मातवा, थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा, नगरपालिका के प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट, पालिका के कनिष्ठ अभियन्ता कनिष्क कुमावत, कनिष्ठ सहायक मोहित विजय के साथ प्लांट की पट्टिका का अनावरण का प्लांट का विधिवत रूप से फीता काटकर शुभारम्भ किया। अंत में चोधरी ने सम्पूर्ण प्लांट परिसर का भ्रमण कर किए जाने वाले कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इस पर उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने जलदाय मंत्री को बताया कि स्वच्छ भारत मिशन 2.0 योजना के अन्तर्गत मुख्यमंत्री बजट धोषणा के अनुसार स्थानीय निकाय विभाग की ओर से कार्यकारी एजेन्सी एमवीआर टेक्नोलॉजी के मार्फत सुईवालो की ढाणी में 9.47 करोड़ रूपये की लागत से फिकल सर्विसेज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) का निर्माण करवाया है। इस प्लांट में शहर के शोचालयो में निकलने वाले मलमूत्रको एकत्रित आधुनिक मशीनो द्वारा कम्पोस्ट खाद का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यकारी एजेन्सी ने प्लांट का निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया है। साथ ही एजेन्सी द्वारा आगामी दस वर्ष तक इसका रखरखाव व संचालन भी करेगी।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में मां वाउचर का किया वितरण

### योजना के तहत गर्भवतियों की हो रही निःशुल्क सोनोग्राफी



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत बुधवार को जिले के चिकित्सा संस्थानों पर गर्भवतियों की प्रसव पूर्व जांच की गई साथ ही मां वाउचर योजना के तहत निशुल्क सोनोग्राफी हेतु वाउचर वितरित किए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की 9, 18, 27 तारीख को गर्भवतियों की प्रसव पूर्व जांच की जाती है, इसी के तहत 18 जून को अभियान का आयोजन कर वजन, उंचाई, पेट की जांच, खून की जांच, हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, शुगर, एचआईवी, सिफलिस, हदय स्पंदन, यूरिन, सोनोग्राफी आदि जांच कर आवश्यक दवाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। चिकित्सकों द्वारा विभिन्न चिकित्सा संस्थानों पर गर्भवतियों की जांच के साथ ही गर्भावस्था के दौरान किसी भी गर्भवती में जटिलता पाए जाने पर उच्च संस्थानों पर भी रेफर किया गया साथ ही चिकित्सकों ने गर्भावस्था में आने वाली जटिलताओं के बारे में जागरूक किया। साथ ही सभी को भोजन की अच्छी आदतों को अपनाने, पोषक तत्वों युक्त भोजन करने, हरी सब्जियों, फलों, आयरन युक्त खाघ पदार्थों का सेवन करने की संबंधी जानकारी दी गई ।इसी के साथ मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिला की दूसरी या तीसरी तिमाही में गर्भकाल के दौरान सोनोग्राफी निन्शुल्क कराई जा रही है। प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान दिवस पर माह की 9, 18 व 27 तारीख को आवश्यक जांच के साथ-साथ सोनोग्राफी जांच करवाने के लिए क्यूआर कोड युक्त कूपन उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर जारी किया जाता है। इस कूपन के माध्यम से गर्भवती महिला विभाग से अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी केंद्र पर अपनी सोनोग्राफी जांच निन्शुल्क करवा पा रही है।

## मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जिला जेल का निरीक्षण कर जांची जेल की व्यवस्थाएं

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लिंक अधिकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर आशुतोष सिंह आढ़ा ने बुधवार को जिला जेल सवाई माधोपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा जेल परिसर, बैरकों एवं रसोईघर की साफ-सफाई, बंदियों को प्रदान भोजन, पीने के पानी एवं चिकित्सकीय सुविधाओं, जेल की सुरक्षा व्यवस्था, जेल की कार्यप्रणाली, बंदियों की दिनचर्या आदि के संबंध में जांच की गई एवं बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान शिकायत पेटिका का निरीक्षण करने पर शिकायत पेटिका में बंदियों को प्रदान मूलभूत सुविधाओं के संबंध में कोई शिकायत नहीं पाई गई, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने उपस्थित बंदियों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जेल विजिटिंग लॉयर एवं अधिकार मित्र को अपनी समस्या के बारे में सूचित करने के संबंध में जानकारी प्रदान की। निरीक्षण के दौरान कारागृह में कुल 98 बंदी उपस्थित पाये गए। जिला कारागृह के उपाधीक्षक महावीर प्रसाद मीना द्वारा कारागृह में बंदियों की क्षमता से संबंधित समस्या से अवगत करवाया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा जिला कारागृह के उपाधीक्षक महावीर प्रसाद मीना को जेल मैनुअल के अनुसार सभी बंदियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। साथ ही बंदियों को हत्या, लूट, चोरी एवं अन्य अपराधों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

## रणथम्भौर में 2 लेपर्ड में जमकर हुई फाइटिंग : एक-दूसरे पर 2 मिनट तक रहे हमलावर

### फिर जंगल का किया रुख, लोगों ने बनाया वीडियो

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में कई बार टाइगर आमने-सामने होते हुए देखे गए हैं, लेकिन इस बार 2 लेपर्ड के बीच जोरदार भिड़ंत हुई। यहां 2 लेपर्ड में 2 मिनट तक जमकर लड़ाई हुई। इस पूरे वाकये को देखकर वहां मौजूद पर्यटक और श्रद्धालु रोमांचित हो उठे। लोगों ने इस पूरे वाकये को अपने कमरे में कैद कर लिया।

**डेढ़ से दो मिनट तक हुई भिड़ंत :** दरअसल बुधवार सुबह श्रद्धालु त्रिनेत्र गणेश के दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान श्रद्धालुओं को मंदिर मार्ग के पास स्थित पहाड़ी से लेपर्ड के दहाड़ने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर श्रद्धालु मौके पर पहुंचे। जहां उन्हें त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग पर 2 लेपर्ड दिखाई दिए। यह दोनों लेपर्ड एक दूसरे पर जोर-जोर से दहाड़ रहे थे। यहां दोनों लेपर्ड एक-दूसरे को अपने सामने देखकर असहज हो उठे।? जब दोनों लेपर्ड में से किसी भी लेपर्ड ने हार नहीं मानी तो यह एक दूसरे पर हमलावर हो गए। इस दौरान दोनों लेपर्ड के बीच जमकर फाइट हुई। यहां दोनों लेपर्ड के बीच करीब डेढ़ से 2 मिनट तक जमकर फाइट हुई। इसके बाद दोनों लेपर्ड ने जंगल का रुख किया। वहीं इस पूरी घटना को देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। हालांकि वन विभाग की ओर से दुपहिया वाहनों पर रोक लगाने के चलते यहां पर लोगों ने अपने चौपाहिया वाहनों से इस पूरे वाकये को शूट



किया। लोगों के अनुसार यह उनके जीवन का बहुत ही यादगार लम्हा था। जिसे वह कभी भूल नहीं पाएंगे। उल्लेखनीय है कि रणथम्भौर में लेपर्ड फाइट कम ही देखने को मिलती है।

**रणथम्भौर में टाइगर से ज्यादा लेपर्ड की संख्या :** रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में वर्तमान में करीब 80 बाघ, बाघिन और शावक है। वहीं रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में लेपर्ड की संख्या 100 से ज्यादा है। रणथम्भौर की आरओपीटी, कुंडेरा, तालड़ा, फलौदी, बालेर और खंडार रेंज में लेपर्ड अच्छी तादात में है। यहां पर्यटकों को टाइगर के साथ लेपर्ड की भी साइटिंग होती है।

## बालिकाओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय-सवाई माधोपुर के तत्वावधान में 17 मई से संचालित हो रहे ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कला कौशल प्रशिक्षण शिविर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ आत्मरक्षा का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजर स्काउट भरत लाल प्रजापत के अनुसार ग्रीष्मकालीन कला कौशल शिविर में महिलाओं को सिलाई मेहंदी ब्यूटीपार्लर डांस ड्राइंग आदि विधाओं का प्रशिक्षण तो दिया ही जा रहा है इसी के साथ महिला शक्ति भय मुक्त होकर अपने कार्यों को सफलतापूर्वक करें इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार द्वारा जिले में जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में नवगठित कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के सदस्यों ज्योति सिंह, ममता सिंह, उर्मिला शर्मा, नगीना गंभीरी आदि महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षकों द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खेरदा में कला कौशल प्रशिक्षण शिविर की प्रशिक्षणार्थी बालिकाओं युवतियों को मानसिक रूप से सम्बल प्रदान करने के साथ ही आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए। इस अवसर पर जिला सचिव रूपनारायण गुर्जर, कैलाश चन्द सिसोदिया, निशा सैनी, रामहेत मीना, सीताराम बैरवा, सुनीता जोनवाल आदि शिक्षक प्रशिक्षक व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## मन्दिर विकास समिति ने स्वागत कर विकास को लेकर की चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** श्री छतरेश्वर मन्दिर विकास समिति ने जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का स्वागत कर मन्दिर विकास को लेकर चर्चा की। बुधवार को श्री छतरेश्वर मन्दिर में आयोजित समारोह के दौरान श्री छतरेश्वर मन्दिर विकास समिति अध्यक्ष दिनेश विजय के नेतृत्व में समिति पदाधिकारी व सदस्यो का प्रतिनिधि मंडल जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का दुपट्टा पहना कर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर स्वागत व अभिनन्दन किया। समिति ने इस दौरान जलदाय मंत्री से श्री छतरेश्वर मन्दिर विकास संभावनाओं व श्रद्धालुओं के लिए सुविधाऐं व संसाधन जुटाने को लेकर चर्चा की। इस दौरान समिति अध्यक्ष के अलावा पूर्व अध्यक्ष पवन जैन संगम, लेखराज सोनी, रामअवतार कापड़ी, इन्द्र सोनी, टिंकू शर्मा, सत्यनारायण खारोल, विष्णु पाठक, जगदीश सचदेवा, हरिराम शर्मा, सुनील कुशवाहा, कमलेश उपाध्याय, चन्द्रमोहन जैन, अभय सुराशाही, नारायण सिंघी, शिवप्रकाश खारोल सहित अन्य सदस्य मौजुद रहे।

## जलदाय मंत्री के जनता दरबार में उमड़े फरियादी, आम जन से जुड़ी समस्याओं को सुनकर अधिकारियो को त्वरित समाधान के निर्देश

### जनहित की समस्याओं के समाधान लापरवाही करने बरतने की दी चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा डाक बंगले में बुधवार को प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी जनता दरबार लगाकार लोगो की समस्यों को सुना और सम्बन्धित अधिकारियो को त्वरित कार्रवाई कर समस्या समाधान के निर्देश प्रदान किए। जलदाय मंत्री एवं क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी अपने मालपुरा प्रवास के दौरान डाक बंगले में जनसुनवाई के लिए जनता दरबार लगाया। इस जनता दरबार में लावा अतिरिक्त जिला कलक्टर विनोद मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम बेनीवाल, उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चोधरी, तहसीलदार पवन मातवा, नगरपालिका के प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट पालिका के कनिष्ठ अभियन्ता कनिष्क कुमावत, कनिष्ठ सहायक मोहित विजय सहित सभी ब्लाक स्तरीय अधिकारी मौजुद रहे। जलदाय मंत्री चौधरी एक एक फरियादी को व्यक्तिगत रूप से बुलाकर समस्या सुनी। साथ ही शहर व ग्रामीण क्षेत्रो से अपने अपने क्षेत्रो



की व्याप्त आम जन से जुड़ी समस्याओं को सुना। जलदाय मंत्री चौधरी ने समस्याओं से अवगत होकर सम्बन्धित अधिकारियो को त्वरित कार्रवाई कर समस्या का समाधान कर शीध्र राहत प्रदान करने के निर्देश प्रदान किए। साथ ही मौजुद अधिकारियो को निर्देश प्रदान करते जलदाय मंत्री चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार समस्याओं का त्वरित समाधान चाहती है। साथ ही चौधरी ने अधिकारियो को चेतावनी देते हुए कहा कि आम जन से जुड़ी समस्याओं के समाधान में लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। और लापरवाह अधिकारियो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत की सफाई

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** प्रकृति के संरक्षण हेतु चलाए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय-सवाई माधोपुर के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण जन जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला स्काउट सचिव रूपनारायण गुर्जर ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजर स्काउट भरत लाल प्रजापत के निर्देशन में हिन्दुस्तान स्काउट गाइड द्वारा आयोजित अभिरुचि एवं कला कौशल शिविर के शिविरार्थियों द्वारा सवाई माधोपुर शहर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (आदर्श परिसर) में लगे हुए पौधों की गुड़ाई कर उनमें पानी दिया गया। परिसर क्षेत्र में सभी प्रशिक्षणार्थियों ने अभियान चलाकर श्रमदान



कर सफाई कार्य किया एवं जुलाई माह में प्रत्येक सदस्य द्वारा कम से कम पांच पांच पौधे लगाकर उनके संरक्षण की शपथ ली। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष रघुवर दयाल मथुरिया, गिरिराज प्रसाद स्वर्णकार, दिनेश चन्द सोनी, महेश कुमार जौलिया, चंद्रकला गुप्ता, ममता गर्ग, बृजेश द्विवेदी, अनीता गोला, प्रिया कुमावत, दिव्या कुमावत आदि स्काउटर गाइडर कला कौशल प्रशिक्षकों सहित सभी प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

## नशामुक्त भारत अभियान : जागरूकता, शपथ एवं प्रचार-प्रसार कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, सवाई माधोपुर द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न स्थानों पर जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उप निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मीना आर्य के निर्देशन में 01 जून से 26 जून 2025 तक चल रहे अभियान के तहत 18 जून को शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय, रेलवे स्टेशन एवं केन्द्रीय बस स्टैंड पर व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार एवं शपथ कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में नशा विरोधी वातावरण का निर्माण कर युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करना है, जिससे वे नशे की लत से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में भागीदार बन सकें। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों, यात्रियों एवं आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया और नशा छोड़कर एक स्वस्थ, समर्थ और स्वावलंबी समाज की दिशा में सहयोग देने की अपील की गई। शपथ कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को यह संकल्प दिलाया गया कि वे स्वयं नशा नहीं करेंगे और दूसरों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे।

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कर नशा मुक्ति का दिया संदेश



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक श्री लक्ष्मण सिंह ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत समाज में नशे के खिलाफ जन जागरूकता लाने एवं समाज को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही गतिविधियों के तहत आज जिले के सभी राजकीय महाविद्यालयों एवं गैर सरकारी संस्थानों में पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढचढकर हिस्सेदारी निभाते हुए नशे के विरूद्ध जन जागरूकता का संदेश दिया।

## पुण्योदयम वर्षावास-2025 आचार्य श्री1008 विजयराज जी म.सा. के पावन सान्निध्य में जयपुर में होगा चातुर्मास

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** श्री साधुमार्गी शान्त.क्रान्ति जैन संघ, जयपुर के तत्वावधान में पुण्योदयम वर्षावास-2025 का आयोजन जयपुर के नवकार भवन तिलक नगर में होने जा रहा है। इस चातुर्मास में आचार्य भगवंत 1008 श्री विजयराज जी म.सा आदि ठाणा 10 एवं महाश्रमणीरत्ना, शासन प्रभाविका महासती श्री प्रभावती जी म.सा महासती श्री पद्मश्री जी म.सा शासन प्रभाविका परम् विदुषी महासती श्री नेहाश्री जी म.सा एवं सेवानिष्ठ महासती श्री निशांतश्री जी मसा आदि ठाणा-20 का पावन सान्निध्य जयपुरवासियों को प्राप्त होगा। संघ संरक्षक श्री प्रदीप गुगलिया ने बताया कि यह चातुर्मास आध्यात्मिक जागृतिए साधना और सेवा का एक अद्वितीय अवसर होगा।

इस चातुर्मास को पुण्योदयम 2025 नाम दिया गया है। जयपुर के लिए विशेष गौरव की बात है कि सरलता और सादगी के पर्याय आचार्य भगवंत 1008 श्री विजयराज जी म.सा का चातुर्मास 34 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद पुन: जयपुर में हो रहा है। वर्ष 1991 में आचार्य श्री ने मुनि अवस्था में जयपुर के लाल भवन में चातुर्मास किया था और अब आचार्य पद प्राप्ति के पश्चात यह उनका जयपुर में प्रथम बार चातुर्मास सम्पन्न हो रहा है। आचार्यश्री सहित कुल 30 साधु-साध्वियों का मंगल सान्निध्य इस चातुर्मास में मिलेगा। संघ संरक्षक प्रदीप गुगलिया ने बताया कि 22 जून, 2025 से आचार्य श्री की 11 दिवसीय मौन साधना प्रारम्भ होगी । 3 जुलाई को प्रात: 10 बजे मौन साधना का समापन एवं महामांगलिक का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 4 जुलाई, शुक्रवार को भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश नवकारसी के पश्चात संपन्न होगा। चातुर्मास के दौरान विविध धार्मिक, आध्यात्मिक,सांस्कृतिक एवं सेवा कार्य संपन्न होंगे, जिसमें श्रद्धालुओं को साधना स्वाध्याय और संयमयुक्त जीवन के अनुप्रयोग का अवसर प्राप्त होगा।

## राजकीय छात्रावासो में सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा ब्लॉक राजगढ मे संचालित छात्रावासों मे सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश प्रक्रिया चालू है। जिनमे कक्षा 6 से 12 में अध्ययनरत छात्र आवेदन कर सकते है। छात्र अपना आवेदन ऑनलाइन ई मित्र से एसजेएमएस पोर्टल पर या अपनी एसएसओ आईडी से कर सकता है। आवेदन हेतु आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, गत वर्ष की अंकतालिका, मूलनिवास प्रमाण पत्र ,जाति प्रमाण पत्र,आय प्रमाण पत्र ,एक फोटो आदि दस्तावेज आवश्यक है। समाज कल्याण विभाग अधिकारी मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि ब्लॉक राजगढ मे स्थित राजकीय अम्बेडकर छात्रावास मल्लाना में छात्र क्षमता 50, सकट में छात्र क्षमता 55, कारोठ में छात्र क्षमता 65, राजगढ़ द्वितीय में छात्र क्षमता 35, राजगढ़ तृतीय में छात्र क्षमता 35, राजकीय देवनारायण छात्रावास राजगढ में छात्र क्षमता 60 है। इन छात्रावासो मे प्रवेशित छात्र को नि:शुल्क आवास, प्रात: कालीन नाश्ता,भोजन, विशेष भोजन,तेल साबुन ,कोलगेट ,ब्रुश ,बालकटिग, वस्त्र धुलाई, स्कूल यूनिफार्म हेतु 3040 रूपये की डीबीटी (छात्र के खाते में) ,वस्त्र धुलाई आदि सुविधाएं एव विद्या संबल योजनान्तर्गत निःशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है।

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर आज आयोजित होगा पौधरोपण कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर।** जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर की ओर से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया जायेगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर मोती डूंगरी स्थित राजीव गांधी पार्क में प्रात: 10 बजे पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में विधायक, विधायक प्रत्याशी, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, वरिष्ठ कांग्रेसजन, पीसीसी के पदाधिकारी एवं सदस्य, डीसीसी प्रभारी, डीसीसी के पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों के जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, प्रधान एवं पूर्व प्रधान, नगर परिषद एवं नगर पालिकाओं के चेयरमैन एवं पूर्व चेयरमैन, जिला पार्षद, नगर निगम पार्षद, पंचायत समिति सदस्य,कांग्रेस विचारधारा के सरपंच , कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## अधिकारियों के आश्वासन के बाद भी नहीं हटा शराब का ठेका, ग्रामीण आज देंगे उपखंड कार्यालय पर धरना

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर।** उपखंड के समीपवर्ती श्रीचंदपुरा ग्राम पंचायत के कुण्डरोली गांव में करीब 10 दिन पूर्व खोले गए शराब ठेके को हटाने की मांग को लेकर ग्राम कुण्डरोली के ग्रामीण आज उपखंड मुख्यालय पर धरना देंगे। ग्रामीण राजेंद्र, रोहिताश्व, रमेश आदि ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा 10 जून को शराब ठेके के सामने धरना दिया था तब अधिकारियों के द्वारा शराब ठेका हटाने को 5 दिन में हटाने का आश्वासन दिया था। परन्तु अभी तक शराब ठेके को नहीं हटाया गया है। शुक्रवार को उपखंड अधिकारी कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहेंगे।

### केंद्रीय वन मंत्री ने समर कैम्प में बालिकाओं का किया उत्साहवर्धन

# खिलाडी पूर्ण मनोयोग से लक्ष्य प्राप्ति में जुटकर करें अपने सपने साकार : केंद्रीय मंत्री यादव

## खिलाड़ियों ने किए अनुभव साझा, नाट्य प्रस्तुति से दिया सामाजिक संदेश

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव आज चिकानी स्थित एलआईटी कॉलेज में अलवर सांसद खेल उत्सव के के द्वितीय चरण के अंतर्गत आयोजित समर कैम्प में पहुंचकर बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया।

केंद्रीय मंत्री यादव ने समर कैम्प में प्रशिक्षण ले रही उत्कृष्ट खिलाडियों से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपने जीवन का एक ध्येय निर्धारित कर पूर्ण मनोयोग से उसमें जुट जाएं। जब सच्ची श्रद्धा और लगन के साथ कार्य किया जाता है तो आगे बढने के द्वार खुदबखुद खुलते चले जाते हैं। सफलता में कठोर परिश्रम, सच्ची लगन, मन की मजबूती, सकारात्मक सोच और संघर्ष छुपा होता है। उन्होंने कहा कि इस समर कैम्प में उत्कृष्ट रही खिलाडियों को आगे बढाने में सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अलवर सांसद खेल उत्सव जिले में निरन्तर आयोजित होगा। और उनका प्रयास है कि जिले के खिलाडियों को यह आगे बढने का माध्यम तो बने साथ ही अलवर को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। और उन्होंने प्रशिक्षण देने वाले कोचों एवं समर कैम्प की व्यवस्थओं में लगी टीम का आभार जताया तथा खिलाडियों व प्रशिक्षण शिविर में लगी टीम के साथ भोजन भी किया।

इस दौरान जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व विधायक जयराम जाटव, वी-शक्ति ट्रस्ट की फाउंडर प्रज्ञा यादव, बन्नाराम मीणा, इन्द्र यादव, दौलतराम जाटव, ऋषिराज शर्मा, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, अरूण जैन, गगनदीप सिंह, श्री मनोज चाचान, मनोज यादव सहित प्रबुद्ध व्यक्ति मौजूद रहे।






### खिलाड़ियों ने किए अनुभव साझा, नाट्य प्रस्तुति से दिया सामाजिक संदेश

समर कैम्प में प्रशिक्षण ले रही खिलाडियों ने प्रशिक्षण के विगत 8 दिनों के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि प्रात: उठने से शाम तक दिनचर्या सुव्यवस्थित रही। इसमें हर दिन भारतीय खेल प्राधिकरण के उत्कृष्ट कोचों से प्रशिक्षण लेने के साथ-साथ कई अन्य विधाओं में भी नई चीज सीखने को मिली। उन्होंने कहा कि समय प्रबंधन, अनुशासन, खिलाडी के लिए भोजन व पोषण, प्रमुख सिलिब्रिटिज से मुखातिब होने का अवसर सहित अनेक गतिविधियां सीखी। उन्होंने नाट्य प्रस्तुति के द्वारा समाज को बेटे-बेटी में भेद न कर बेटियों को अवसर देने पर परचम लहराने का संदेश दिया।

## अभियान के तहत जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार व साफ-सफाई के पश्चात पहली बारिश में ही आया पानी

### वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का जिले में दिख रहा है सकारात्मक प्रभाव

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में जिले में संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित की जा रही गतिविधियों के अंतर्गत जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार, साफ-सफाई, बहाव क्षेत्र में अवरोधों को हटाने के लिए किए गए कार्यों का सकारात्मक असर मानसून की पहली बारिश में दिखने लगा है। पहली बारिश से जिले के जल स्त्रोतों में पानी की आवाक हुई है जिससे क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल दिखाई दे रहा है तथा राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की आमजन खुलेमन से सराहना कर रहे हैं। जल स्त्रोतों के उन्नयन एवं साफ-सफाई से संबंधित किए गए कार्यों से मानसून में पानी भरने से भूजल स्तर में भी वृद्धि होगी।नगर निगम आयुक्त श्री जितेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि 63.46 लाख रूपये की लागत से शहर में स्थित मीणापाडी जोहड का पुनरूद्धार कार्य करवाया गया। 12 जून को मीणा पाडी स्थित जोहड की कार्मिकों, स्थानीय नागरिकों एवं पर्यावरण प्रमियों द्वारा श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई जिसका परिणाम यह हुआ कि मानसून की पहली वर्षा में जोहड में पानी की आवाक होना शुरू हो गया है। मानसून के दौरान जोहड में पानी की मात्रा में वृद्धि होगी जिससे भूमि का जल स्तर बढने के साथ क्षेत्र के निवासियों को लाभ होगा। जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, मरम्मत, दीप प्रज्ज्वलन, अमृत 2.0 के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा पार्कों की साफ-सफाई, रखरखाव, मुख्यमंत्री शहरी रोजगार योजना के अंतर्गत पौधारोपण हेतु अग्रिम तैयारी, महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई, सरकारी भवनों में स्थित जल संचयन संरचनाओं की सफाई एवं वंदे गंगा जल संकल्प दिलाने इत्यादि गतिविधियां आयोजित कराई जा रही है। इसी प्रकार अभियान के तहत जलदाय विभाग के कार्मिकों ने उमरैण ब्लॉक में पेयजल टंकियों एवं धार्मिक स्थान गरबाजी पर झरने व आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। जलदाय विभाग उमरैण के सहायक अभियन्ता श्री भगवान सिंह ने बताया कि अभियान के अंतर्गत विभाग के कार्मिकों द्वारा पानी सप्लाई के लिए बनाई गई टंकीयो की साफ-सफाई कर उन्हें स्वच्छ बनाया गया ताकि आमजन को शुद्ध पेयजल सप्लाई की जा सके। उन्होंने बताया कि धार्मिक स्थल गरबाजी पर झरने के समीप साफ-सफाई कर स्वच्छ बनाया गया। वहीं आसपास के ग्रामीणों को साफ सफाई, सौंदर्यकरण और जल संरक्षण के लिए जागरूक किया गया।




## भिवाड़ी : टपूकड़ा के सरकारी अस्पताल के पास गिरी नाले की दीवार, बड़ा हादसा टला

बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी( नि.स. )।** भिवाड़ी के समीप टपूकड़ा के सरकारी अस्पताल नूंह चोक के पास एक पाच फुट उची बनी नाले की करीब 70 फुट दिवार दूसरी दिवार पर गिरी। गनीमत यह रही की दूसरी दिवार के सहारे अस्पताल की दिवार थी। जिससे नाले की गिरी दिवार से बड़ा हादसा होने से बचा। नाले की दीवार गिरने की सूचना मौके पर जिला कलेक्टर व तिजारा विधायक महंत बाबा बालक नाथ योगी को दी। ग्रामीणों ने बताया कि यह नाले की दिवार नगरपालिका टपूकड़ा द्वारा बनाई जा रही थी पहले भी नगरपालिका को इसकी शिकायत दी गई कि इस दिवार मे ठेकेदार द्वारा सही माल नहीं लगाया जा रहा है। मंगलवार शाम करीब 4 बजे आई बारिश में यह दिवार गिर गई। जिसकी चोड़इ करीब एक फुट थी ओर ग्रामीणों ने बताया करीब 6 महा से टपूकड़ा नगरपालिका क्षेत्र में सारे पानी के नाले खुले हुये हैं ओर कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है ओर सारे नाले ठेकेदार के द्वारा खोल कर रखे है। जिसे ग्रामीणों में बिमारी फैलने का भय है ओर सारा काम ठेकेदार व नगरपालिका के कर्मचारियों में कमीशन का चल रहा है।



## महाराज श्री का गाजे बाजे के साथ भव्य मंगल प्रवेश आज



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** आचार्य गुरुदेव वसुनंदी मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य उपाध्याय विज्ञानंद जी महाराज ससंघ का विहार तिजारा से अलवर की ओर बड़े धूमधाम से चल रहा है। ऐसे में सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उनके साथ बिहार में शामिल हैं। बुधवार सुबह का विहार बंबोरा की घाटी किशनगढ़ से राव फार्म हाउस तक हुआ। शाम साढ़े पाँच बजे शुरू हुआ रात्रि विश्राम स्टेप बाई स्टे स्कूल तिजारा रोड पर होगा। गुरूवार का बिहार सुबह साढ़े पाँच बजे से होगा वासुपूज्य जैन मंदिर शालीमार के लिए होगा। महाराज जी संसंघ का शालीमार में सुबह 7 बजे गाजे-बाजे के साथ मंगल प्रवेश करेंगे। समाज के विशाल जैन से लोगों से अपील की है कि सभी ज्यादा से ज्यादा मंगल प्रवेश में अपना घर शालीमार में शामिल होवे और धर्म लाभ लेवे।

## जिला कलक्टर ने ली अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा की समीक्षा बैठक

### जिले के सभी नागरिको से योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमो मे अधिकाधिक भागीदारी निभाने की अपील की

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े की तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को आयोजित होने वाले जिला स्तर, ब्लॉक स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर के कार्यक्रमों की समुचित तैयारी यथासमय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अधिकाधिक आमजन की सहभागिता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने जिले के सभी नागरिकों, स्वयंसेवी व सामाजिक संस्थाओं से योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अधिक से अधिक भागीदारी निभाने की अपील की है। जिला कलक्टर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय पर 5 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे जिनमें मुख्य कार्यक्रम इंदिरा गांधी स्टेडियम में 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हैल्थ' थीम पर प्रात: 6:30 बजे से प्रात: 8 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्रात: 6:30 बजे से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का लाइव प्रसारण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मूसी महारानी छतरी, कंपनी बाग, बायोडाइवर्सिटी पार्क एवं सरिस्का क्षेत्र में भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके साथ ही, जिलेभर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पर्यटन स्थल और सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में भी योगाभ्यास का आयोजन किया जाए।

उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को यातायात व कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला परिषद अधिकारी को निर्देशित किया कि पंचायत समिति व ग्राम स्तर पर आयोजित होने वाले योग कार्यक्रम में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजकीय व निजी विद्यालयों में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करावे।

### 24 जून से 9 जुलाई तक शिविरों का करें सफल संचालन

जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 24 जून से 9 जुलाई तक संचालित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के दौरान आयोजित शिवरों का आपसी समन्वय से निर्धारित रूपरेखा अनुसार सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि पखवाड़े के अन्तर्गत प्रतिदिन ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## योग दिवस से पूर्व योगाभ्यास शिविर हुआ आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्व विद्यालय सुख शान्ति भवन गोविंदगढ़ एवं तालुका विधिक सेवा समिति लक्ष्मणगढ़ अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश पंचायत समिति गोविंदगढ़ ब्रह्माकुमारी मिथिलेश दीदी की अध्यक्षता में योगा अभ्यास शिविर आयोजित किया गया। ब्रह्माकुमारी मिथिलेश दीदी एवं पीएलवी अनिल कुमार ने बताया कि 21 जून के उपलक्ष्य में योगा एवं विधिक शिविर आयोजित किया गया जिस में विशेष योग क्रिया प्रसिद्ध स्वामी गणेशानंद योगाचार्य (योग गुरु) द्वारा आनंदा क्रिया, सूर्य नमस्कार, भ्रामरी प्राणायाम, योग निद्रा, आनंदा आसन, उद्धरण प्राणायाम, आदि योग क्रिया कराई गई नालसा के टोल फ्री राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाइन नंबर 15100 कि जानकारी दी। शिविर में में मधु खंडेलवाल, जगदीश सोनी, इन्द्र लालचोरपुरिया, डॉ रोशन लाल,अशोक गुकलानी, रमेश भगवती, नीलम गोचर, सीमा गाबा, पुष्पा अरोड़ा कमलेश गुलाटी,उमा गर्ग,सुषमा गर्ग सुनीता गर्ग आदि लोग मौजूद रहें।




## नगर विकास न्यास के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा कार्रवाई कर अवैध प्लॉटिंग एवं अतिक्रमण को हटाया

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नगर विकास न्यास के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा आज न्यास क्षेत्राधिकार में बिना न्यास स्वीकृति एवं भू संपरिवर्तन के करीब 3 बीघा कृषि भूमि पर विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग व अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। नगर विकास न्यास की सचिव श्रीमती धीगदे स्नेहल नाना ने बताया कि टीम द्वारा जगदीश अटल/कुलदीप सिंह द्वारा मूंगस्का में कृषि भूमि में एचटी लाइन के नीचे सेन्ट अंसलम स्कूल के पीछे विकसित की जा रही लगभग 3 बीघा अवैध प्लॉटिंग को मौके से हटाने की कार्रवाई की। इसी प्रकार गिर्राज सैनी द्वारा न्यास योजना विजय नगर के भूखण्ड की भूमि पर अवैध रूप से टीनशेड लगाकर पशु बांधकर किए गए अतिक्रमण को मौके से हटाने की कार्रवाई की गई।

इस दौरान अतिक्रमण निरोधक अधिकारी, क्षेत्रीय कनिष्ठ अभियन्ता, पुलिस थाना अरावली विहार व शिवाजी का जाप्ता मौजूद रहा।

# अजमेर जिला प्रमुख सुशील कर पलाड़ा ने की साप्ताहिक जनसुनवाई

## प्राप्त परिवेदनाओं पर तत्काल कार्रवाई के दिये निर्देष

बढ़ता राजस्थान




**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाडा की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजित किया गया। जनसुनवाई में अधीनस्थ विभागों एवं विभिन्न अन्य विभागों से संबंधित प्राप्त परिवेदनाओं पर संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारीयों को तत्काल निस्तारण के निर्देष प्रदान किये गये। एवं राज्य सरकार से संबंधित प्रकरणों को राज्य स्तर पर अग्रेषित किया गया है। जिनमें विषेष परिवेदनाए/प्रकरण निम्नानुसार है।

- समस्त ग्रामवासी ग्राम लोहागल एवं जनाना कॉलोनीवासी ने जनाना अस्पताल अजमेर के बाहर स्थित तारबंदी एवं बोर्ड को शीघ्र ही हटवा कर शहरवासियों एवं अस्तपताल में आये परिजनो को तत्काल राहत प्रदान करने का निवेदन किया गया था परन्तु 15 दिन के बाद भी समस्या का समाधान नही हुआ है। जिस पर जिला प्रमुख ने विकास अधिकारी अजमेर ग्रामीण एवं ग्राम विकास अधिकारी माकड़वाली को तत्काल प्रभाव से रोड़ के दोनो तरफ के अतिक्रमण हटवाने हेतु निर्देषित किया एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी को पुलिस अधीक्षक अजमेर व अतिरिक्त जिला कलक्टर को अतिक्रमण की कार्यवाही में सहयोग प्रदान करने हेतु पत्राचार करने के निर्देष प्रदान किये।
- प्रशासक ग्राम पंचायत गोठियाना ने अवगत कराया कि बीहड में दिनांक 24.05.2025 से अवैध तरीके से बिना किसी निविदा प्रक्रिया के 10 जेसीबी चलाकर जेसीबी मषीन नं. त्श्र48 म्। 0370 इत्यादि। ग्रामवासियों द्वारा लगातार विरोधा करने पर भी तथा रेंजर दुर्गेश कुमार सैनी को सूचना देने के बाद भी करोड़ो रूपये के विलायती बबूल हटाए जा रहे है। इस प्रकार अचानक गांव के जंगल बीहड की कटाई करने से गांव में आक्रोष का माहौल है। प्रार्थी ने आरोपियो के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने हेतु निवेदन किया है।
- शैतान सिंह तथा अनुराग सिंह निवासी ग्राम बडल्या ने अवगत कराया कि दिनांक 26.07.2024 को प्रार्थीगण ने पट्टा हेतु आवेदन किया। परन्तु आज दिनांक तक पट्टा जारी नही किया गया हैं प्रार्थीगण ने पट्टा जारी करवाने हेतु निवेदन किया है।
- शैतान लाल तथा महेन्द्रलाल निवासी ग्राम बडल्या ने अवगत कराया है कि उनके पास स्वयं को कोई मकान नही है। वह अपने पिताजी के मकान में निवास कर रहे है जो कि बहुत ही जर्जर अवस्था में है। और प्रार्थीगण ने प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास हेतु ग्राम पंचायत में आवेदन किया था परन्तु आज दिनांक तक भी कोई कार्यवाही नही की गई है। और प्रार्थीगण ने आवास स्वीकृत करने हेतु निवेदन किया है।

# विधायक कृपलानी की अनुशंसा पर विधानसभा को मिली 10.80 करोड़ की 21.55 किमी विभिन्न सड़कों के निर्माण की स्वीकृति

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी की अनुशंसा पर राजस्थान सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के द्वारा बजट वर्ष 2025-26 की घोषणा के अन्तर्गत निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र की कुल 21.55 किलोमीटर की विभिन्न 10 सड़कों के निर्माण के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग ने 10.80 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। विधायक कृपलानी ने बताया कि निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कों से आमजन को आवागमन में हो रही समस्याओं के निराकरण के लिए राज्य सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग को प्रस्ताव तैयार करके भिजवाए गए, जिनकी आज राज्य सरकार ने स्वीकृति जारी करते हुए 10.80 करोड़ की राशि जारी की है। विधायक कृपलानी ने बताया कि राज्य सरकार ने धीनवा से रानीखेड़ा 3 किमी सड़क निर्माण कार्य के लिए 182 लाख रुपये, सतखण्ड़ा से बंजारों का खेड़ा तक (शेष लम्बाई) 1.50 किमी. सड़क निर्माण कार्य के लिए 68.50 लाख रुपये, अरनोदा से गोठा मध्य प्रदेश सीमा तक (नॉन पेचेबल एवं मिसिंग लिंक सड़क) 3.20 किमी. सड़क निर्माण के लिए 128.30 लाख रुपये, गांव इन्द्रा नगर से टाटरमाला (शेष लम्बाई) 0.60 किमी. सड़क निर्माण के लिए 82 लाख रुपये, बडोली घाटा श्मशान से देवनारायण मंदिर तक 1.20 किमी. सड़क निर्माण के लिए 59 लाख रुपये, अरनिया माली से केली 7 किमी. सड़क निर्माण के लिए 309.80 लाख रुपये की राशि की स्वीकृति जारी की है।

विधायक कृपलानी ने बताया कि इसी प्रकार मेवातियों की झोपडियों से बडोली-अरनोदा रोड़ (धनश्यामजी शर्मा के खेत तक) 1.50 किमी. सड़क निर्माण के लिए 67.90 लाख रुपये, जे.के माइंस से लक्ष्मीपुरा गांव तक 1.30 किमी. सड़क निर्माण के लिए 87 लाख रुपये, बडोली घाटा से रामगढ़ गुजरोन की झुपडिया तक 1.50 किमी. सड़क निर्माण के लिए 68.50 लाख रूपये तथा बरवाड़ा रोड़ से कानपुरा गांव तक 0.75 किमी. सड़क निर्माण के लिए 27 लाख रुपये सहित कुल 21.55 किलोमीटर की 10 सड़कों के निर्माण के लिए कुल 10.80 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र में पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी की अनुशंसा पर इन सड़कों के निर्माण के लिए स्वीकृति जारी होने पर क्षेत्रवासियों ने विधायक कृपलानी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के प्रति आभार जताया है।

# कादेडा मे फर्जी पट्टे जारी करने पर उपसरपंच मुकेश कुमार सोनी निलम्बित

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के केकड़ी उपखंड की ग्राम पंचायत कादेडा के कार्यवाहक सरपंच काल में अपने चहेते को उपकृत करते हुए नियम विरुद्ध सरकारी करोड़ों रुपए की बेश कीमती सरकारी जमीन के नियम विरुद्ध फर्जी पट्टे किए जारी। सचिवालय में रखे गए नियम होल्डिंग स्टॉक जारी करने का है आरोप, जांच में सही मिली। राजथान सरकार के ग्रामीण विकास एवं सचिवालय राज विभाग ने ग्राम पंचायत कादेड़ा ग्राम पंचायत के तत्कालीन कार्यवाहक सरपंच मुकेश कुमार सोनी को बुधवार को मुख्य सचिव एवं वर्तमान उपसरपंच मुकेश कुमार सोनी को एक आदेश जारी करते हुए कादेड़ा ग्राम पंचायत उपसरपंच से निलंबित करते हुए ग्राम पंचायत की किसी भी साधारण सभा ग्राम पंचायत की बैठक में भाग लेने से वंचित कर दिया।

जानकारी अनुसार ग्रामीण विकास एवं सचिवालय राज विभाग के अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उप सचिव (जांच) इंद्रजीत सिंह के हस्ताक्षर विज्ञप्ति आदेश में बताया गया है कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद अजमेर से जांच रिपोर्ट के अनुसार मुकेश कुमार सोनी को नियमों के विरुद्ध सरकारी संपत्ति के पट्टे जारी कर अपने चाहते व्यक्तियों को उपकृत किया गया। और ग्रामीणों की शिकायत पर अजमेर जिला परिषद से हुई जांच में दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से ग्राम पंचायत उप सरपंच पद सहित वार्ड पद से भी निलंबित कर दिया।

### इनका कहना

निलंबन का आदेश प्राप्त हुआ मैंने सरपंच का कार्यकाल मे नियम विरुद्ध कोई भी ऐसा कार्य नहीं किया मेरा पक्ष नहीं सुना गया निलंबन को न्यायालय में चुनौती दी जाएगी।

**मुकेश कुमार सोनी,**
**उप सरपंच ग्राम पंचायत कादेड़ा**

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान मे लगाएँ पौध

## अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रकृति के प्रति स्थानीय जागरूक लोगों की भागीदारी देखने को मिली जिसमें 60 के करीब श्रम सेवक और पर्यावरण संगठन के प्रतिनिधियों ने करीब 3 घंटे का श्रमदान करके 200 पेड़ लगाए जिनमें अर्जुन शीशम, गूलर, नीम, अमलतास सहजन,बेलपत्र गुलर के , गुलमोहर जामुन, रात रानी के पौधे लगाए । कार्यक्रम का आयोजन उपवन्य जीव अधिकारी अनुराग भटनागर के निर्देशन में अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क के परिसर में संपन्न हुआ । उपवन संरक्षक तरुण मेहरा ने बताया कि धरती का बढ़ता तापमान यदि कोई रोक सकता है ग्रीन हाउस इफेक्ट को कम करने का पेड़ एकमात्र और कारगर उपाय है,जिसे केवल और केवल सामूहिक प्रयासों से ही पूरा किया जा सकता है। कार्यक्रम में कोटा फन राइडर्स ह्युस्टन टेक्सास अमेरिका से आई सुमिधा पारीक ने बताया कि मैंने भी यहां पर आकर पीपल जामुन और गुलमोहर का पेड़ लगाया है,यह तीनों पेड़ मैंने अपने हाथों से लगाए हैं अगली बार जब मैं वापस भारत आऊंगी तब इन पेड़ों को देखने जरूर आऊंगी । ओर से भी वृक्षारोपण का कार्य किया गया नान्ता से स्थानीय रूप मे ट्रेंचिंग ग्राउंड हटाओ संघर्ष समिति के संयोजक विनोद कुमार बोर्ड के साथ पहुंचे अध्यक्ष नितिन नान्ता एवं पार्श्वनाथ अपार्टमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष राजू सोनी ने भी अपने साथियों के साथ पहुंचकर वृक्षारोपण का पुनीत कार्य और श्रमदान किया।

अभेडा बायोलॉजिकल पार्क के बाहरी क्षेत्र में जहां पर अभी हरियाली कम है,वहां पर सीड्स बाल को भी डाला गया है, डीसीएफ अनुराग भटनागर ने बताया कि 1000 के करीब तैयार किए गए सीडीएस बाल को आज हमारे द्वारा यहां पर बिखर गया है जो कि अब आने वाले समय में पहली बरसात में अपना जीवन शुरू कर देंगे सामान्यत: वृक्षारोपण करने का कारगर और उचित समय भी शुरू हो गया है हमारे द्वारा फेके गए सीट्स बाल बरसात के साथ ही नन्हें पौधों के रूप में अपना जीवन प्रारंभ कर देते हैं।

**हन्नी बन्नी, देव प्रतिष्ठा नन्हे मुन्ने बच्चों की एक अलग टोली:** कार्यक्रम में वृक्षारोपण के लिए नन्हे बच्चों की भी एक टोली बनाई गयी जिसमें 5 वर्ष से लेकर 15 वर्ष तक के बच्चों को सम्मिलित करके वृक्षारोपण का कार्य करवाया गया । नन्हे बच्चों से सीट्स बोल को परिसर में डलवाया गया। टीम में सबसे छोटे हनी बनी तथा प्रतिष्ठा तमन्ना देवाशीष देव गोविंद ने मिलकर पेड़ लगाए।

# ग्रीष्मकालीन कौशल विकास प्रशिक्षण शिविरों में आज से प्रतियोगिताओं का दौर

## राजस्थान राज्य भारत स्काउट एंड गाइड स्थानीय संघ कोटा दक्षिण के तत्वावधान में शहर के 4 स्थानों पर चल रहे शिविर



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एंड गाइड स्थानीय संघ कोटा दक्षिण के तत्वावधान में शहर के 4 स्थानों पर चल रहे ग्रीष्मकालीन कौशल विकास प्रशिक्षण शिविरों में 19 जून से प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। स्थानीय संघ सचिव प्रकाश जायसवाल ने बताया कि कोटा में 17 मई से ही केशवपुरा, रोझड़ी, रंगबाड़ी और अनंतपुरा में प्रशिक्षण शिविर चल रहे हैं। जिनका समापन 24 जून को होगा। इन ग्रीष्मकालीन शिविरों में 448 शिविरार्थियों को जीवन कौशल और रोजगार सृजन के नए तरीके सिखाए गए हैं। जहां हस्तशिल्प और कला प्रशिक्षण के माध्यम से विभिन्न कलाकृतियां, सजावटी सामान बनाना और वेस्ट से बेस्ट आइटम बनाने के तरीके सिखाए गए। वहीं आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगारपरक कार्यक्रमों के माध्यम से कौशल बढ़ाया जा रहा है। यहाँ ब्यूटी पार्लर, मेहंदी, पेंटिंग, संगीत, डांस, सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही, जूडो ट्रेनिंग में आत्मरक्षा और स्पोकन इंग्लिश व कंप्यूटर प्रशिक्षण के माध्यम से व्यक्तित्व विकास भी किया जा रहा है। सचिव प्रकाश जायसवाल ने बताया कि प्रशिक्षण तकरीबन पूर्ण हो गया है। अब इन शिविरार्थियों के बीच प्रतियोगिताओं का दौर चलेगा। इस दौरान नृत्य, ढोलक, मेहंदी, मेहंदी फाइल, सिलाई फाइल, दुल्हन सजाओ, दुल्हन सजो, हेयर स्टाइल, साड़ी रैपिंग, ड्राइंग एंड पेंटिंग, जूड़ो, वेस्ट से बेस्ट प्रतियोगिता आयोजित होगी।

उन्होंने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना, नेतृत्व क्षमता विकसित करना और विभिन्न सामाजिक कौशल सिखाना है। समस्या समाधान और निर्णय लेने जैसे मानसिक कौशल विकसित करने के साथ साथ सामाजिक कौशल के तहत टीम वर्क, संवाद और सहयोग जैसे कार्यक्रम भी हो रहे हैं। प्रतियोगिताओं के दौरान भी सामाजिक जनजागरण के कार्यक्रम जारी रहेंगे।

# पारंपरिक जल स्रोतों के पुनरुद्धार और जन जागरूकता को लेकर बुधवार को गणेश बावड़ी पूजन कार्यक्रम रखा गया

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की प्रदेशभर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्रोतों के पुनरुद्धार और जन जागरूकता को लेकर बुधवार को गणेश बावड़ी पूजन कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम संयोजक संजय लोढा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यअतिथि मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत और अध्यक्षता भिनाय प्रधान सम्पतराज लोढा, मण्डल अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, भाजपा नेता कैलाश लांबा, जिला उपाध्यक्ष सुभाष वर्मा रहे और विशिष्ट अतिथि उपखंड अधिकारी सुनील झिंगोनिया, तहसीलदार नीलम राठौड़, विकास अधिकारी अर्जुन शेखावत रहे। कार्यक्रम मे अतिथियो ने गणेश बावड़ी में पंडित महेंद्र जोशी ने विधि विधान से पूजा अर्चना करायी । तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जल है तो कल है, प्लास्टिक को पूर्ण रूप से बहिष्कार करने का अनुरोध किया। और प्लास्टिक बहिष्कार मे 22 ग्राम पंचायत को 2 लाख रुपये की लागत से स्टील के बर्तन खरीदने का बजट दिया। कार्यक्रम में विकास अधिकारी अर्जुन शेखावत ने सभी को जल संरक्षण और प्लास्टिक बहिष्कार की शपथ दिलाई । कार्यक्रम मे पूर्व मण्डल अध्यक्ष चांदमल प्रजापति, मांगी लाल मेवाडा, युवा मोर्चा अध्यक्ष मंगल गुर्जर, रघुवीर सिंह गोयल महेंद्र जी जोशी तारा प्रकाश जोशी, परमेश्वर प्रजापत , मीट्ठू प्रजापत ,नागेश नागर ,भंवर लाल शर्मा , धन्नालाल प्रजापत, प्रकाश वैष्णव , अर्जुन खींची, ताराचंद प्रजापत, भंवरलाल जीनगर , सुखलाल प्रजापत, नौरत माली, सूरज करण माली, जीवन रायका , भेरु रायका, नौरत गोयल ,दीपक तिवाड़ी, भंवर लाल गुर्जर, महेश वैष्णव, मुकेश शर्मा, मुकेश जैन, महामंत्री सुरेश जांगिड़, मानक रायका, जितेन्द्र सिंह राठौड़, जिला कार्यकारिणी सदस्य रामसुख गुर्जर सहित अन्य कार्यकर्ता और कर्मचारी उपस्थित थे।

# मारवाड़ चौराहे के समीप डम्पिंग यार्ड की जमीन पर बनेगा रोडवेज बस स्टैंड

## नगर पालिका ने रोडवेज बस स्टैंड के लिए 7 हजार वर्गमीटर जमीन चिन्हित कर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा स्वीकृति का इंतजार।

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/रामगंजमंडी ( प्रमोद राठौर )।** रामगंजमंडी शहर में रोडवेज बस स्टैण्ड बनाने के लिए राज्य सरकार ने बजट में घोषणा की थी ।इसके बाद नगर पालिका ने यह रोडवेज बस स्टैंड के लिए मारवाड़ चौराहे के समीप डम्पिंग यार्ड की आगे वाली 7 हजार वर्गमीटर जमीन चिन्हित कर रोडवेज़ बस स्टैंड के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है । राज्य सरकार की और से प्रस्ताव स्वीकृति के बाद यह रोडवेज़ बस स्टैंड के लिए निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा ।वर्तमान में नगर में रोडवेज़ बसों के ठहराव के लिए स्टैंड नहीं है ।इस कारण बसों को सब्ज़ी मंडी के बाहर खड़ी करनी पड़ती है । इस कारण बसों में सफ़र करने वाले यात्रियों को खुले में बैठकर बसों का इंतज़ार करना और यात्रियों को कई दिक़्क़तों का सामना करना पड़ता है । ऐसे में सब्ज़ी मंडी के बाहर बसों को खड़ी करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस कारण राज्य सरकार के बजट घोषणा के बाद नगर पालिका ने सरकार को प्रस्ताव बनाकर भेज दिया है । राज्य सरकार के स्वीकृति के बाद शहर में रोडवेज बस स्टैण्ड का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा ।इससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इस के तहत रोडवेज डिपो को रामगंजमंडी में एक नया बस स्टैंड की सौग़ात मिलेगी। इस बस स्टैंड के निर्माण से रोडवेज को सालाना लगभग 1 करोड़ रुपये की आय होने का अनुमान है, जिसमें कैंटीन और स्टॉल से होने वाली आय भी शामिल है। यह बस स्टैंड शहर के यातायात को सुगम बनाने और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने में मदद करेगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने रामगंजमंडी में बस स्टैण्ड नहीं होने की समस्या से होने वाली परेशानियों को देखते हुए इसकी स्वीकृति जारी करवाई थी।

**अगर इस रूट पर चलेगी रोडवेज बसें तो श्रमिकों को मिलेगा लाभ :** वर्तमान में रामगंजमंडी जुल्मी होकर सुकेत के लिए रोडवेज़ बस सेवा नहीं है। अगर रोडवेज़ बस स्टैंड मारवाड़ चौराहे के समीप डम्पिंग यार्ड की भूमि पर बनता है तो नालोदिया, जुल्मी, लखारिया, कोला, बास्याहेड़ी, सुरेड़ा तक के लोगों को इसका फायदा मिलेगा। बस स्टैण्ड से आवासन मंडल कॉलोनी होकर बस चलाई जाती है तो अमरपुरा, कुम्भकोट कॉलोनी, कुदायला अमरपुरा औद्योगिक क्षेत्र के श्रमिकों को इसका लाभ मिलेगा।



**भूमि चिन्हित करके प्रस्ताव सरकार को भेज दिया है :** इस संबंध में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी तरुण लहरी ने बताया कि बजट घोषणा मे रोडवेज़ बस स्टैंड के लिए 7 हजार वर्गमीटर जगह माँगी थी। इसके बाद मारवाड़ चौराहे के समीप डंपिंग ग्राउंड की ज़मीन इसके लिए चिन्हित करके प्रस्ताव सरकार को भेज दिया है। सरकार की ओर से स्वीकृति के बाद जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ करवा दिया जाएगा।

# 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जिला कलक्टर की आमजन से अपील

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने कोटावासियों से 21 जून को आयोजित होने जा रहे 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य (ल्वहं वित व्दम म्तजी व्दम भ्मंसजी) निर्धारित की गई है। योग भारत की प्राचीन परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है, जो न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक संतुलन और आंतरिक शांति भी प्रदान करता है। डॉ. गोस्वामी ने बताया कि भारत सरकार की पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दी गई है, यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। योग न केवल स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का माध्यम है बल्कि यह जीवनशैली में संतुलन और अनुशासन भी लाता है। उन्होंने बताया कि कोटा शहर में जिला स्तरीय मुख्य योग कार्यक्रम श्रीनाथपुरम स्टेडियम में 21 जून को प्रात: 6.15 बजे से आयोजित किया जाएगा।

# केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो राजस्थान इकाई सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो कोटा के तत्वावधान में राजस्थान इकाई की सलाहकार समिति की बैठक कोटा में आयोजित हुई। बैठक में चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी, कपासन विधायक अर्जुन जीनगर एवं निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी के प्रतिनिधि के रूप में पंस प्रधान बगदीराम धाकड़ ने उपस्थित रहकर अफीम काश्तकारों की समस्याओं से अवगत करवाया। बैठक में पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी की ओर से निम्बाहेड़ा पंचायत समिति प्रधान बगदीराम धाकड़ ने अफीम काश्तकारों की मांग रखी। उन्होंने कहा कि इस महंगाई के दौर में काश्तकार से वर्तमान में ली जा रही अफीम की फसल की खरीद दर काफी कम है। प्रधान धाकड़ ने अफीम खरीद की न्यूनतम दर 5 हजार रुपये प्रतिकिलो की जाए, साथ ही सीपीएस पद्धति में डोडा खरीद की दर को भी बढ़ाकर 2 हजार रुपये प्रति किलोग्राम करने की मांग रखी। बैठक में प्रधान धाकड़ ने कहा कि अफीम के पट्टे जारी करते समय न्यूनतम मार्फिन की मात्रा 4 करने, वर्ष 1991 से कटे हुए पट्टों को शून्य औसत से पुन: जारी करने, हर वर्ष जारी होने वाली अफीम पॉलिसी को सितंबर माह में जारी करने, 10 आरी के पट्टों को एक ही खेत में दो प्लॉट के माध्यम से 5-5 आरी में बुआई करने की अनुमति प्रदान करने तथा अफीम तौल समय पर पूर्ण करने की मांग रखी। सलाहकार समिति की बैठक में नारकोटिक्स विभाग कोटा डीऐनसी नरेश बुदल, एऐनसी जबर सिंह राजपुरोहित, जिला अफ़ीम अधिकारी डीके सिंह, जगदीश मावल, आरके मीणा, आशीष भटनागर, रंजना पाठक, अमर सिंह




कनोजिया, मनोज जैन, शिवनारायण धाकड़ मंडावली आदि सहित बड़ी संख्या में अफीम काश्तकार, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

### एकादश अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025

# लक्ष्मण मंदिर परिसर में योगाभ्यास कर एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य का दिया संदेश



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम पर एकादश अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में भरतपुर जिला प्रशासन और आयुर्वेद विभाग संयुक्त रूप से योग काउंटडाउन एट हेरिटेज अभियान चला रहे हैं। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव के मार्गदर्शन में शुरू हुए इस अभियान का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना और उन्हें नियमित योगाभ्यास से जोड़कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2025 को लेकर जिले में तैयारियां ज़ोरों पर हैं। योग के प्रति जनमानस में जागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने के उद्देश्य से जिलेभर में एक माह का काउंटडाउन योगाभ्यास कार्यक्रम शुरू किया गया है। आयुर्वेद उपनिदेशक योग प्रभारी डॉ. इंदु शर्मा ने बताया कि बुधवार को योगा टीम ने शहर के प्रमुख धार्मिक स्थल लक्ष्मण मंदिर परिसर में योग प्रोटोकॉल का योगाभ्यास कराया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एक आध्यात्मिक संस्था के सहयोग से बुधवार को योगाभ्यास कार्यक्रम में अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, निदेशक घना मानस सिंह, कविता दीदी, प्रदीना दीदी, आरएसी कमांडेट एडवोकेट राकेश एवं डॉ. राजकुमार शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। जिसमें योग एवं प्राकृतिक महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने योग योगाभ्यास का लाभ लिया। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, जीवन का विज्ञान है, जीवनशैली को सकारात्मक रखने में अपनी दिनचर्या में योग को अवश्य शामिल रखें। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मनाए जा रहे योग सप्ताह के तहत लक्ष्मण मंदिर परिसर में योग साधना की गई। मंदिर में योग को साधकर आत्मा, प्रकृति और संस्कृति को एक सूत्र में पिरोने का आव्हान भी किया। उन्होंने बताया कि सवेरे की शांति में ताड़ासन, भ्रामरी प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, त्रिकोणासन, वज्रासन, चक्रासन और सूर्य नमस्कार जैसे विभिन्न योगासनों का अभ्यास करके सकारात्मकता, चेतना और आध्यात्म को आत्मसात किया गया।

योग काउंटडाउन शिविर में प्रतिदिन सुबह 6 बजे से योग चिकित्सकों के निर्देशन में योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जा रहा है, जिसका लाभ बड़ी संख्या में शहरवासी उठा रहे हैं। शिविर में योग प्रभारी डॉ. प्रियंक शर्मा सहित 280 से अधिक लोगों, योग साधकों ने उत्साहपूर्वक सामूहिक योगाभ्यास किया। शिविर में शहर के अतिरिक्त विभिन्न स्थलों पर भी योग प्रशिक्षकों की मदद से रोजाना प्रात:काल योगाभ्यास सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे शहरवासियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है। आयुर्वेद विभाग के अधिकारी और प्रशिक्षक इस महीनेभर चलने वाले काउंटडाउन कार्यक्रम के जरिए लोगों को योग की दिनचर्या से जोड़ने और आने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास में जुटे हैं।

### हल्दीघाटी विजय सार्द्ध चतु: शती समारोह

# खेड़ा देवी के चरणों में समर्पित हुआ राष्ट्र चेतना यज्ञ

## वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को नमन और दिव्यांग सेवा

बढ़ता राजस्थान

5ऐतिहासिक हल्दीघाटी विजय दिवस के 450वें वर्ष में प्रवेश का शुभारम्भ रिमझिम वर्षा की साक्षी में शौर्य और सेवा के भाव से हुआ।प्रताप गौरव केंद्र राष्ट्रीय तीर्थ के तत्वावधान में बुधवार से शुरू हुए हल्दीघाटी विजय सार्द्ध चतु: शती समारोह के तहत हल्दीघाटी की धरा पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को नमन करने के बाद खेड़ा देवी मंदिर में माता जी के समक्ष राष्ट्र चेतना यज्ञ से जन-जन में राष्ट्र स्वाभिमान के जागरण का संकल्प लिया गया।अरावली की उपत्यकाओं से घिरे राष्ट्रीय स्मारक पर बरसते मेघों ने मानो इतिहास में वर्णित युद्ध दिवस पर हुई बारिश का भी स्मरण करा दिया।हल्दीघाटी स्थित महाराणा प्रताप स्मारक स्थल पर उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत व अन्य गणमान्य जनों ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की अश्वारूढ़ प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।राष्ट्र चेतना यज्ञ का आयोजन लगातार हो रही वर्षा के कारण हल्दीघाटी के खेड़ा मंदिर में स्थान्तरित किया गया।प्रताप गौरव केंद्र के निदेशक अनुराग सक्सेना ने बताया कि यज्ञ में उदयपुर सांसद डॉ



मन्नालाल रावत पत्नी रजनी पी. रावत सहित शामिल हुए। कुल सात यजमान जोड़े यज्ञ में बैठे। इनमें महेन्द्र सिंह चुण्डावत - मंजू कंवर, दिनेश चन्द्र रेगर - कुसुम रेगर, उदयलाल लोहार - रोड़ी बाई, शम्भूलाल गमेती - लाली बाई, दीपक शर्मा - डॉ पुष्पा शर्मा व राजीव दुबे - अनुराधा दुबे शामिल थे। मुख्य पंडित नरेश श्रीमाली के निर्देशन में पं. योगेश श्रीमाली व पं. उत्तम श्रीमाली ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ संपन्न कराया। राष्ट्र की अखंडता, सुरक्षा और जनसेवा भावना के लिए आहुतियां समर्पित की गईं।कार्यक्रम संयोजक सीए महावीर चपलोत ने बताया कि इस अवसर पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर भगवती प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष एमएम टांक, महामंत्री पवन शर्मा, कोषाध्यक्ष अशोक पुरोहित, कार्यकारिणी सदस्य चंद्रगुप्त सिंह चौहान, वरिष्ठ पुराविद डॉ. धर्मवीर शर्मा सहित विभिन्न समाजों के गणमान्यजन भी उपस्थित थे।

**दिव्यांग सेवा बनी कार्यक्रम की आत्मा :** इस अवसर पर भारत विकास परिषद द्वारा एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण और ट्राईसाइकिलें प्रदान की गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने दिव्यांगों को यह उपकरण सौंपे। राजसमंद के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश पालीवाल के सहयोग से यह अभिनव पहल हुई। सेमा गांव निवासी मूक-बधिर दिव्यांग मांगीलाल को ट्राईसाइकिल प्रदान की गई। बलीचा गांव के दिव्यांग डालू गमेती को भी ट्राईसाइकिल सौंपी गई।

### ईसवाल से लोसिंग तक सड़क मरम्मत के दिए निर्देश

कार्यक्रम में उदयपुर से हल्दीघाटी जाते समय सांसद रावत ने ईसवाल से लोसिंग तक की क्षतिग्रस्त सड़क को देखा। उन्होंने मौके से ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को फोन कर त्वरित मरम्मत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए और उक्त 8 किलोमीटर लम्बे मार्ग को मेघा हाईवे में शामिल करने की अनुशंसा की। उन्होंने कहा कि यह मार्ग हल्दीघाटी आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए बेहद उपयोगी है, इसे जल्द ही बेहतर किया जाएगा।

# स्मार्टफोन फोटोग्राफी कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, राजस्थान सरकार के अटल इनोवेशन स्टूडियो एवं एक्सीलरेटर प्रोग्राम के तहत, जीम व्चमद ैचंबम ैवबपमजल जयपुर के सहयोग से आई स्टार्ट इन्क्यूबेशन सेंटर भरतपुर में स्मार्टफोन फोटोग्राफी कार्यशाला बुधवार को आयोजित की गई। एनालिस्ट-कम-प्रोग्रामर इनक्यूबेटर सेंटर सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग हरि मोहन शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में 30 से अधिक युवाओं, स्टार्टअप्स, कंटेंट क्रिएटर्स और फोटोग्राफी के शौकीनों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि जिसमें प्रतिभागियों को स्मार्टफोन के माध्यम से स्मार्टफोन कैमरा फीचर्स की समझ, लाइट, फ्रेमिंग और कंपोजिशन में बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि विभिन्न शैलियों में प्रभावशाली फोटोग्राफी दंचेममक और स्पहीजतववउ से एडिटिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग के लिए कंटेंट निर्माण, व्यक्तिगत अथवा पेशेवर पोर्टफोलियो बनाना, एक्सपर्ट्स से लाइव फीडबैक और नेटवर्किंग विजुअल कंटेंट निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया।

# देवली मे बाबा पहलवान शाह वली का उर्स मुबारक हर्षोल्लास के साथ मनाया

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी ) ।** शहर में हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक हज़रत बाबा पहलवान शाह वली साहेब का सालाना उर्स मुबारक का आयोजन किया गया। समाज के प्रवक्ता मोहम्मद इदरीस हारून अंसारी ने जानकारी में बताया कि जिसकी उर्स मुबारक कार्यक्रम कि शुरुआत मंगलवार को हुई। इस अवसर पर मगरीब की नमाज़ के साथ अलम का परचम लहराया कर सदर और कमेटी की ओर से किया गया। बुधवार को फ़ज्र की नमाज़ बाद कुरआन ख्वानी की गई। नमाज़ जौहर बाद शाही ज़ामा मस्जिद की और से चादर शरीफ़ का जूलूस मज़ार शरीफ़ के लिए शाही इमाम और जायरिनों के सैलाब व बैंड बाजो के साथ रवाना हुआ। उर्स मुबारक कार्यक्रम में कव्वालो ने सूफियाना कलाम फलक के नज़ारों जमी की बहारों, हुज़ूर आ गए हैं।

### 'क्यों आके रो रहा हैं, तू मुहम्मद के शहर मैं, हर मर्ज़की दवा है मुहम्मद के शहर में'

'यहां दिल से मांगो, यह हैं हाजी अली, पिया हाजी अली' जैसे सूफियाना कलाम पेश किये गए कव्वालों ने अपनी कव्वालियों से माहौल सूफियाना बना दिया। बाबा पहलवान का उर्स मुबारक जूलूस शहर के मुख्य मार्गो से गुजरा हुआ पीर बाबा स्थान पर पहुंचा इस बीच सभी समाज के लोगों ने बाबा के जुलूस पर फूलों की वर्षा की । जुलूस शहर के बीचो-बीच पीर बाबा दरगाह पहुंचा यहाँ वली पहलवान शाह रहमतुल्ला को दरगाह के मुतवल्ली और समाज बंधुओ के साथ चादर व गुल पोशी पेश की गई। मगरीब की नमाज़ के बाद कमेटी की और से लोगों के बीच लंगर भोज कार्यक्रम शुरू किया और तबर्रुख ( प्रसाद) वितरण किया गया। ईशा की नमाज़ के बाद कुल की रस्म अदा की गई साथ ही दो दिवसीय उर्स मुबारक का समापन हुआ। यहां उर्स मुबारक कार्यक्रम मै टोडारायसिंह, शाहपुरा, केकड़ी, हिंडोली, जहाजपुर, बूंदी के अकीदत मंद जायरिनों ने भी बड़ी तादात में शिरकत की।



# आशा कार्यकर्ताओं ने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपी मांगें : 18 हजार मानदेय, राज्य कर्मचारी का दर्जा और सेवानिवृत्ति पर पेंशन समेत 7 मांगें रखीं



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** आशा कर्मचारी संघ ने स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर को 7 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र आशा कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष सुमन शर्मा के नेतृत्व में भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले अग्रसेन धर्मशाला में आयोजित अधिवेशन में दिया गया। आशा कार्यकर्ताओं की प्रमुख मांगों में मासिक मानदेय 18,000 रुपए करना, उन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा देना और सेवानिवृत्ति पर पेंशन की सुविधा शामिल है। साथ ही उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने और वितरण का भुगतान करने की मांग की है।कार्यकर्ताओं ने अपना पदनाम बदलकर सहायक एएनएम करने और कार्य अनुभव के आधार पर एएनएम में पदोन्नति की मांग भी रखी। इसके अलावा सेवानिवृत्ति पर 10 लाख रुपए की सहायता राशि देने का प्रस्ताव भी रखा गया।

कार्यक्रम में आशा कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष सुमन शर्मा, आशा कार्यकर्ता बबीता, माया, राधा श्रीवास्तव, मनीषा, चमेली, पुष्पा, अनीता और शोभा उपस्थित थीं। भारतीय मजदूर संघ की जिला अध्यक्ष सरिता बंसल, सह प्रभारी महेंद्र गुजर, पवन तिवारी और धर्मेंद्र त्यागी भी मौजूद रहे ।

# धौलपुर भाजपा में बड़ा फेरबदल : राजवीर सिंह राजावत बने नए जिला अध्यक्ष, आरएसएस के पुराने कार्यकर्ता

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने धौलपुर जिले के जिला अध्यक्ष की घोषणा कर दी है। राजवीर सिंह राजावत को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे सत्येंद्र पाराशर की जगह लेंगे, जिन्हें विधानसभा चुनाव से पहले यह पद दिया गया था। राजवीर सिंह राजावत बसेड़ी कस्बे से आरएसएस के साथ जुड़े रहे हैं। सूत्रों के अनुसार आरएसएस की सिफारिश पर प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें यह जिम्मेदारी दी है। प्रदेश अध्यक्ष ने दो अन्य जिलों में भी नए अध्यक्षों की नियुक्ति की है। झुंझुनूं से हर्षिनी कुल्हरी और जोधपुर देहात से ज्योति ज्याणी को जिला अध्यक्ष बनाया गया है।

राजावत की नियुक्ति से कई स्थानीय नेताओं की दावेदारी खारिज हो गई है। नए जिला अध्यक्ष ने कहा कि वे संगठन को मजबूत करने के लिए सभी पदाधिकारियों के साथ मिलकर काम करेंगे। पिछले जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर का कार्यकाल 20 महीने का रहा। उनके कार्यकाल में धौलपुर जिले की चारों विधानसभा सीटें भाजपा हार गई थी। लोकसभा चुनाव में भी करौली-धौलपुर संसदीय सीट पर पार्टी को पराजय का सामना करना पड़ा था। इन हारों के बाद से ही नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें लग रही थीं।

### पाराशर ने दिया धन्यवाद

निवर्तमान जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर ने अपने दो वर्षीय कार्यकाल की समाप्ति पर पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है। पाराशर ने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश नेतृत्व का विशेष धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें दो साल तक राष्ट्र सेवा का अवसर दिया। साथ ही उन्होंने नए जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत को शुभकामनाएं दीं।

निवर्तमान अध्यक्ष ने जिले के कार्यकर्ताओं से नए जिलाध्यक्ष को पूर्ण सहयोग देने की अपील की है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने में योगदान देने का आह्वान किया है। पाराशर ने



कार्यकर्ताओं से निष्ठा और समर्पण भाव से राष्ट्र सेवा में सहभागिता निभाने का आग्रह किया है।

# भारतीय भाषा सप्ताह कार्यक्रम : बच्चों से रूबरू हुए एडीपीसी, विभिन्न भाषाओं में किया संवाद

## कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश की भाषायी विविधता से परिचित कराना

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** भारतीय भाषा सप्ताह कार्यक्रम भारतीय भाषाओं की विविधता और समृद्धि का जश्न मनाने के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर में मंगलवार को भारतीय भाषा समर कैंप का एडीपीसी समग्र शिक्षा जितेंद्र जादौन ने निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से सीखे गए भाषाई ज्ञान के बारे में जाना। कक्षा 12वीं की विद्यार्थी कविता ने गुजराती भाषा में जब अपनी बात रखी और अभिनन्दन किया तो एडीपीसी ने सराहना की। भारतीय भाषा सप्ताह कार्यक्रम के समापन कार्यक्रम के अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से पूछा कि अलग अलग भाषाएं सीखने के क्या लाभ है। तो इस प्रश्न का विद्यार्थियों ने बेबाकी से जवाब दिए। एडीपीसी जितेंद्र जादौन ने बताया कि ये कार्यक्रम छात्रों को एक नई भारतीय भाषा सीखने और भाषाई जागरूकता बढ़ाने के अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि यह आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल का हिस्सा है। सात दिन तक चलने वाले इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश की भाषायी विविधता से परिचित कराना है। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल की व्यावसायिक ट्रेड ब्यूटी एंड वेलनेस एवं होम फर्निशिंग लैब का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर स्कूल के वरिष्ठ अध्यापक मनोज कुमार झा, शैलेंद्र दीक्षित, सतीश कुमार मीणा, स्माइल खान, वीटी शिवानी सैनी एवं आशा शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



# राजसमंद के अक्षय राज सिंह बने भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट

बढ़ता राजस्थान

### गृह जिले में भव्य स्वागत

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** कांकरोली के गुडली निवासी अक्षय राज सिंह पुत्र श्याम सिंह सिसोदिया ने भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट का पद हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। देहरादून स्थित इंडियन मिलिट्री अकादमी में आयोजित पासिंग आउट परेड के बाद अक्षय राज भारतीय थल सेना में कमीशन हुए। लेफ्टिनेंट बनने के बाद सोमवार देर शाम अपने गृह जिले राजसमंद पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। गौरतलब है कि अक्षय राज सिंह ने 12वीं कक्षा के बाद टीईएस-45 (टेक्निकल एंट्री स्कीम) आर्मी में चयन होकर अपनी सैन्य यात्रा शुरू की। उन्होंने एक वर्ष का प्रशिक्षण ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी गया, बिहार में पूरा किया। इसके बाद उन्होंने तीन वर्षों तक कैडेट ट्रेनिंग विंग, एमसीईएमई सिकंदराबाद में कठोर प्रशिक्षण प्राप्त किया। कुल चार वर्षों के गहन सैन्य प्रशिक्षण के बाद उन्होंने भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट का पद प्राप्त किया है। अक्षय राज की प्रारंभिक शिक्षा लक्ष्मीपति सिंघानिया स्कूल कांकरोली में हुई थी। उनके पिता श्याम सिंह सिसोदिया राउमावि सनवाड़ राजनगर में शारीरिक शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता आशा कंवर एक गृहिणी हैं। बतौर लेफ्टिनेंट पहली बार अपने गृह जिले राजसमंद पहुंचने पर कलेक्ट्रेट के सामने अमर जवान स्मारक उद्यान पर



अक्षय राज सिंह का जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, एएसपी महेंद्र पारीक, भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल, प्रधान अरविंद सिंह राठौड़, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड़, पूर्व जिला प्रमुख नारायण सिंह भाटी, जिला भाजपा मंत्री महेंद्रसिंह चौहान, पूर्व सरपंच दिग्विजय सिंह भाटी, सीडीईओ मुकेश राही, जिला खेल अधिकारी धर्मदेवसिंह के अलावा शारीरिक शिक्षक संघ, शिक्षक संघ सहित कई अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं, गणमान्य व्यक्ति व प्रबुद्धजनों ने माला और इकलाई पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सभी ने अक्षयराज सिंह को उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष जताया। अक्षय की यह उपलब्धि जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनी है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा 24 जून से 09 जुलाई तक

## अभियान के सफल संचालन के लिये नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी किये नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा 24 जून से 09 जुलाई तक आयोजित किया जायेगा, यह अभियान जिले की समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर आयोजित किया जाना है। अभियान की जिला स्तर पर नियमित रूप से प्रभावी मोनिटरिंग एवं समीक्षा हेतु अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा नोडल अधिकारी को नियुक्त किया गया है। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव द्वारा अभियान के सफल कियान्वयन हेतु संबंधित उपखण्ड अधिकारियों को उनके क्षेत्राधिकार में आयोजित होने वाले कैम्पों हेतु कैम्प प्रभारी अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। उन्होंने निर्देषित किया है कि कैम्प प्रभारी अधिकारी अपने स्तर से टीम का गठन किया जाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने विकास अधिकारियों को कैम्प स्थलों पर टैंट, कुर्सी, माईक, पेयजल, षौचालय एवं अन्य सभी व्यवस्थाऐं सुनिष्चित करने के निर्देष प्रदान किये। उन्होंने अभियान के सफल संचालन हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी के सहायतार्थ तहसीलदार भू-अभिलेख कलेक्ट्रेट भरतपुर पायल जैन को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। सहायक नोडल अधिकारी द्वारा प्रत्येक दिवस को जिले में आयोजित शिविरों में से चयनित एवं गुणवत्तापूर्ण 2 फोटोग्राफ एवं न्यूनतम 2 सफलता की कहानी पोर्टल पर अपडेट करवाया जाना सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों द्वारा समस्त विभागों की सूचना प्रपत्रों को एकत्रित कर रिपोर्ट को पोर्टल पर भरे जाने संबंधी मोनिटरिंग करने हेतु भू अभिलेख अनुभाग में टीम का गठन किया जाना सुनिश्चित करें। नोडल अधिकारी को प्रतिदिन की सूचनाओं से अवगत किया जाना सुनिश्चित करेंगी। अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकार द्वारा सूचना संकलन के लिये बनाये गये पोर्टल की सतत मोनिटरिंग एवं तकीनीकी सहायता हेतु संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग विवेक कुमार को जिला स्तर पर तकनीकी नोडल अधिकारी नियुक्त किया है जिनका मोबाईल नम्बर 9413243121 है।

## नालियों की जर्जर हालत बनी समस्या का कारण शीघ्र मरम्मत की जरूरत, आमजन हो रहे परेशान

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे में नालियों की खराब स्थिति से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कस्बे के कुण्डला रोड पर स्थित सीटी पैलेस के सामने की नाली पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर बड़े गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। यह गड्ढा न केवल राहगीरों के लिए खतरा बन चुका है, बल्कि दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए भी गंभीर चुनौती पेश कर रहा है। आए दिन दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।इसी प्रकार, आड़ा बाजार के पास बीच सड़क से गुजर रही नाली की जाली टूटने से स्थिति और भी गंभीर हो गई है। टूटी हुई जाली के कारण राहगीरो को आवागमन में कठिनाई हो रही है।स्थानीय निवासी ने बताया कि टूटी हुई नाली की जाली के कारण चारपहिया वाहन निकालना अत्यंत कठिन हो गया है। वाहन चालकों को हर बार बड़ी सावधानी बरतनी पड़ती है, फिर भी नुकसान का डर बना रहता है। उन्होंने बताया कि समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है,पुरानी अदालत रोड पर सतगुरु ऑफिस के सामने भी नाली की जाली टूट जाने से सड़क के बीचोंबीच बड़ा गड्ढा बन गया है।यह गड्ढा न केवल यातायात को प्रभावित कर रहा है बल्कि बरसात के दिनों में जलभराव की स्थिति भी उत्पन्न कर सकता है।वही वार्ड नंबर 9 के संजय पार्क की तरफ नाली क्षतिग्रस्त हो गई जिससे आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इस पूरे मामले पर ग्राम पंचायत कोलवी उर्फ मंडी राजेन्द्रपुर चौमहला की प्रशासक प्रेमलता अशोक भंडारी ने कहा कि नालियों की टूट चुकी जालियों की मरम्मत शीघ्र कराई जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि संबंधित स्थानों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी ताकि आमजन को राहत मिल सके,स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द इन खतरनाक स्थानों की मरम्मत कराई जाए ताकि कोई दुर्घटना न हो और सभी को सुरक्षित आवागमन मिल सके ।

## नगर पालिका कपासन ने मुख्य मार्ग पर लगी गुमटियों को अतिक्रमण की कार्यवाही कर हटाया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर पालिका प्रशासन द्वारा मुख्य मार्ग पर लगी गुमटियों पर बुधवार को कार्यवाही करते हुवे अतिक्रमण हटाया गया। जानकारी अनुसार नगर पालिका कपासन क्षैत्र के मुख्य रेलवे स्टेशन मार्ग पर स्थित विद्युत विभाग के समीप सड़क किनारे वर्षों से लगी गुमटियों को नगर पालिका प्रशासन द्वारा अतिक्रमण की कार्यवाही कर हटाया गया।जिससे यहां प्रस्तावित नाले के निर्माण का कार्य किया जा सके।नगर पालिका प्रशासन अतिक्रमण हटाने हेतु पुलिस जाप्ते एवं पूरे लवाजमे के साथ पहुंचा।साथ ही नगर पालिका कार्मिकों सहित जेसीबी,ट्रेक्टर आदि संसाधन लगाकर अतिक्रमण को हटाया गया। यहां नगर पालिका प्रशासन द्वारा कार्यवाही हेतु मौके पर पहुंचते ही ऊहा-पोह वाली स्थिति बनती प्रतीत हुई।जिसमे आनन-फानन में उक्त गुमटियों में रखा सामान निकालकर ज्यादा नुकसान से बचने का प्रयास होता रहा।पालिका प्रशासन द्वारा यहां लगी गुमटियों को जेसीबी के माध्यम से हटाया गया। इस दौरान नगर पालिका कार्यवाही की सूचना से मौके पर स्थानीय लोगो एवं आवागमन करने वाले राहगीरों का जमावड़ा लगता रहा। इधर नगर पालिका कपासन अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा ने दैनिक बढ़ता राजस्थान को संपर्क में बताया कि नगर के मुख्य रेलवे स्टेशन मार्ग पर पालिका द्वारा नाले का निर्माण कार्य करना प्रस्तावित है।जिससे पूर्व यहां लगी गुमटियों को अतिक्रमण कार्यवाही कर हटाया गया।साथ ही गुलाबसागर किनारे लगी गुमटियों पर अतिक्रमण कार्यवाही कर हटाया जायेगा।

## सीताराम मीना को उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** नैनवां उपखण्ड क्षेत्र के बीजलबा निवासी सीताराम मीना को चिकित्सा के क्षेत्र में रक्तदान व क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य किया जाने पर अंतरराष्ट्रीय गौरव अभिमान पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। फ्रेंड्स महिला क्लब संस्था बांरा एंव संस्थापिका सपना गोयल द्वारा राष्ट्रीय स्तरीय सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन मां जगदंबे भोजनालय बारां में अयोजित किया गया था। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में रविंद्र बंसल मथुरा उत्तर प्रदेश व अजय मेहरा कोटा थे।

## नवीन बस स्टेण्ड सबजेल के लिए आरक्षित भूमि पर मनाने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** नैनवां उप कारागृह भूमि स्थानांतरित करने तथा आरक्षित उप कारागृह भूमि पर नवीन बस स्टैंड के निर्माण की मांग को बुधवार को भाजपा पार्षद प्रमोद कुमार जैन ने गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम के नाम नैनवां एसडीएम को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में बताया कि नैनवॉ में उप कारागृह का भवन 1960 से ही कस्बे के अन्दर बना हुआ है। उपकारागृह के नवीन भवन हेतु सरकार द्वारा खसरा संख्या 5354 नैनवां-बून्दी पर 9 बीघा 14 बिस्वा भूमि आरक्षित की गई है। इस भूमि के चारो ओर आबादी बस गई है। इस कारण यह भूमि जेल भवन के लिए उपयुक्त नहीं है । जेल मेन्यूअल के अनुसार नवीन भवन हेतु लगभग 25 बीघा भूमि का होना आवश्यक है । एस.एच.34 पर खसरा संख्या 1026 रकबा 172 बीघा सिवायचक है।

# लोकसभा अध्यक्ष ने किया खटकड़ सीएचसी सामुदायिक भवन एवं अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**बून्दी (अनन्त दाधीच)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को ग्राम पंचायत खटकड़ में 30 बेड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में उन्होंने इसे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक मील का पत्थर बताया। बिरला ने कहा कि यह अस्पताल ग्रामीण अंचल के लोगों को त्वरित और सुलभ चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करेगा। इस दौरान जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत एवं बूंदी नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ओ पी सामर, सी एस सी प्रभारी डॉ परमानंद मीणा , ने अतिथियों को पुष्प कुछ देकर स्वागत किया। पूर्व विधायक अशोक डोगरा , पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि अगले तीन वर्षों में खटकड़ और इससे जुड़े सभी गांवों में रोड कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करेंगे। बिरला ने किसानों से आग्रह किया कि वे परंपरागत खेती के साथ-साथ पशुपालन और कृषि आधारित उद्योगों को भी अपनाएं।

**ईको-सेंसिटिव ज़ोन में मिली राहत :** बिरला ने कहा कि खटकड़ के समग्र विकास के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिसके अंतर्गत सभी आवश्यक जनसुविधाएं चरणबद्ध रूप से विकसित की जाएंगी। वन क्षेत्र में इको-सेंसिटिव ज़ोन (ईएसजेड) की सीमा घटने से खटकड़ और आसपास के गांवों में विकास कार्यों की गति तेज़ हुई है। जहां पहले कई योजनाएं पर्यावरणीय प्रतिबंधों के चलते रुकी हुई थीं, अब वे तेजी से आगे बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई और पंचायत से जुड़ी योजनाएं जल्द ही ज़मीन पर दिखाई देंगी।



**स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ कर रही राज्य सरकार :** जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने कहा कि खटकड़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन बनने से ग्रामीणों को इलाज की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्हें अपने ही गांव में उपचार की बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी और छोटी-मोटी बीमारियों या जांचों के लिए बून्दी नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार आमजन को उत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। इस दौरान पूर्व विधायक अशोक डोगरा, सरपंच भवानी शंकर मीणा आदि मौजूद रहे।

### मंत्री जोराराम कुमावत का मांडलगढ़ दौरा

## वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत झालेश्वर सरोवर पर किया जल पूजन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** राज्य सरकार द्वारा संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत बुधवार को पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत ने मांडलगढ़ क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने झालेश्वर सरोवर की विधिवत पूजा-अर्चना कर मानसून में अच्छी वर्षा की कामना की तथा पीपल का पौधा भी रोपा। मंत्री कुमावत ने सरोवर परिसर में आयोजित समारोह में कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चलाया जा रहा यह अभियान जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और जल के संरक्षण से ही हरियाली व जीवन संभव है। पंचायत समिति सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए मंत्री ने जल स्त्रोतों की नियमित सफाई, अतिक्रमण हटाने और परंपरागत जलधाराओं के संरक्षण पर बल दिया। उन्होंने सीएसआर व अन्य योजनाओं के माध्यम से जल स्त्रोतों के सौंदर्यकरण और जीर्णोद्धार के निर्देश भी दिए।



इस अवसर पर मांडलगढ़ विधायक गोपाललाल खंडेलवाल ने आमजन से जल संरक्षण की दिशा में सक्रिय सहयोग की अपील की। जनप्रतिनिधियों प्रशांत मेवाड़ा व आज़ाद शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने पीपीटी के माध्यम से जिले में अभियान की प्रगति से मंत्री को अवगत कराया और बताया कि जल स्त्रोतों की सफाई, श्रमदान और जनजागरूकता जैसे कई कार्य संपन्न किए गए हैं।

**यह रहे मौजूद**

कार्यक्रम और बैठक में विधायक गोपाललाल खंडेलवाल , जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, उप जिला प्रमुख शंकर गुर्जर, नगरपालिका अध्यक्ष संजय डांगी, प्रधान जितेन्द्र मूंदड़ा, अतिरिक्त कलेक्टर ओमप्रकाश मेहरा, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## लघु उद्योग भारती चित्तौड़ प्रांत के जाजू व उद्यमी संघवी ने मुख्यमंत्री से की भेंट



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा /जयपुर ( अमित शर्मा )।** भीलवाड़ा लघु उद्योग भारती के चित्तौड़ प्रांत उपाध्यक्ष रवीन्द्र जाजू, खनिज उद्यमी नेम कुमार संघवी और संदीप संघवी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भेंट कर भीलवाड़ा सहित राजस्थान में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध खनिज के खनन के माध्यम से देश की आर्थिक उन्नति की संभावनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री को भिन्न भिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध बेशकीमती खनिज के सैंपल सौंपे एवं उनके खनन एवं उपयोग के संबंध में विस्तार से बातचीत हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस प्रयास पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा सरकारी स्तर पर सहयोग कर इस क्षेत्र को विकसित करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड से भी मिला एवं भीलवाड़ा की टेक्सटाइल सहित अन्य उद्योगों से संबंधी विषयों पर वार्ता की। मुख्यमंत्री को कीमती खनिज गोल्ड, सिल्वर, कोबाल्ट, निकल, नीयोबीयम, लेड, जिंक, कापर, रुटाइल, लियोकोक्सीन, आयरन, मेग्निज व अन्य कई बेशकीमती खनिज दिए व इनकी राजस्थान मे उपलब्धता सम्बन्धी क्षेत्रो की जानकारी दी, जिससे मुख्यमंत्री के प्रयासों से देशहित के कार्य संपन्न हो सके।

## होनहार ध्रवांश डीगा ने नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त की

### ग्रामीणो ने खुशी जताकर करवाया छात्र का मुंह मीठा



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** उपखण्ड क्षेत्र के भवानीपुरा निवासी ध्रवांश डीगा ने नीट परीक्षा में 720 में से 600 अंक हासिल कर ऑल इंडिया में 1405वीं व एस .टी केटेगरी में 9 वी रैंक मिली है। नीट परीक्षा में मिली कामयाबी से गांव में खुशी की लहर छा गई। परिजनों और समाज के लोगों ने मिठाई खिलाकर ध्रवांश डीगा का स्वागत किया गया है।

छात्र के पिता हरिराम मीणा राबाउमावि विकासनगर बूंदी में कार्यवाहक प्रधानाचार्य व माता राजकरन्दा मीना तृतीय श्रेणी अध्यापिका है। छात्र ने बताया कि नियमित अध्ययन एंव परिवारजनो की गाइड से उसको सफलता मिली है।

## भाषा एवं संस्कृति ही समाज की पहचान है : महामंडलेश्वर हंसराम उदासीन

### सिन्धु सभा के 15 दिवसीय बाल संस्कार शिविरों का सामुहिक समापन समारोह संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के महामण्डलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने कहा कि भाषा एवं संस्कृति ही समाज की पहचान है, संस्कारित बच्चे, देश का भविष्य है। यह बात उन्होने सिन्धु सभा द्वारा आयोजित बाल संस्कार शिविरों के सामुहिक समापन समारोह में कही। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सभा के जिला प्रवक्ता पंकज आडवाणी ने बताया कि प्रारम्भ में वीरुमल पुरसानी, परमानंद गुरनानी, हीरालाल गुरनानी, लालचंद नथरानी, नरेंद्र रामचन्दानी द्वारा भगवान झूलेलाल, सिन्धुपति महाराज दाहरसेन एवं भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम को भगवानदास नथरानी ने भी सम्बोधित किया।



नगर प्रवक्ता किशोर लखवानी ने बताया कि परिक्षा एवं अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किए गए, साथ ही महामण्डलेश्वर एवं मुस्कान फाऊंडेशन की और से सभी प्रतिभागियों को भेंट भी दी गई, शिविरों में नि:शुल्क सेवा देने वाले अध्यापकों एवं प्रशिक्षकों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में बच्चों द्वारा गायन एवं झूलेलाल के पंजडों पर नृत्य की प्रस्तुतियाँ भी दी गई। जिन्हें सभी दर्शकों द्वारा सराहा गया। जिले में 7 शिविर सिंधुनगर, बापूनगर, शास्त्री नगर, पंचवटी, मांडलगढ़, शाहपुरा एवं गुलाबपुरा में आयोजित किए गए। इन शिविरों में 5 वर्ष से 15 वर्ष तक के बच्चों को सिंधी भाषा एवं साहित्य संकृति की जानकारी के साथ साथ अन्य गतिविधियों जैसे पेंटिंग, मेहंदी, ढोलक, गायन आदि चीजें भी सिखाई गई। मंच संचालन ओम प्रकाश गुलाबानी ने किया। इस अवसर पर संत गोविंद राम, ब्रह्मचारी इंद्रदेव, कुनाल, मिहिर, किशोर कृपलानी, धीरज पेश्वानी, नवीन मनवानी, सुग्नामल कलवानी, बलराम किश्नानी, आसनदास लिमानी, भगत उद्धवदास दौलतराम सामतानी, गंगाराम पेशवानी, दीपक खूबवानी, कमल वेशवानी, किशोर पारदासानी, चीजनदास फतनानी, कन्हैयालाल जगत्यानी, चंद्र संगतानी, पूर्व पार्षद मीना लीमानी, आयुशी पेश्वानी, दीपा मनवानी, मीना निम्रानी, बबिता नार्वानी, सुशीला पारवानी, ज्योति जेठानी, भावना लिमानी, मीनाक्षी साधवानी, दिव्या लालवानी, बाबूलाल टाक, ओमप्रकाश दमामी आदि उपस्थित रहे।

## न्यायिक मजिस्ट्रेट राशमी ने मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखा रवाना किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** ताल्लुका विधिक सेवा समिति राशमी क्षेत्र में आमजन एवं ग्रामीणों को कानून की सामान्य जानकारी एवं विधिक साक्षरता के प्रचार-प्रसार हेतु बुधवार 18 जून को सिविल न्यायाधीश पृथा फौजदार द्वारा मोबाईल वेन वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ताल्लुका विधिक सेवा समिति राशमी सचिव राहुल भास्कर ने बताया कि मोबाईल वैन वाहन द्वारा बाल विवाह के दुष्परिणाम,बाल अधिकार सुरक्षा अभियान, नि:शुल्क शिक्षा अधिकार, पीड़ित प्रतिकर आदि संबंधी क्षैत्र के आम चौराहों व चौपालो पर प्रप्रत्र एवं साहित्य वितरित कर ग्रामीणों को समझाया एवं



जागरूक किया जायेगा। जिसमे आमजन को नालसा हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 15100 व राजीनामा योग्य प्रकरणों में लोक अदालत की भावना एवं मध्यस्थता से आपसी समझौता करने की सलाह दी गयी।जिससे समय व धन की बचत हो सके। उक्त मोबाईल वैन वाहन द्वारा बुधवार को राशमी क्षैत्र के ग्राम भीमगढ़,डिंडोली, पुठवाड़िया, सांखली,पहुंना आदि क्षैत्र में ताल्लुका विधिक सेवा समिति द्वारा कानून की सामान्य जानकारी एवं विधिक साक्षरता का प्रचार-प्रसार किया गया। इस दौरान राशमी न्यायालय के समस्त स्टाफगण उपस्थित रहे।

## बूंदी लोकसभा स्पीकर ओम बिरला व जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने गेंडोली फोलाई की लिफ्ट परियोजना का किया लोकार्पण



बढ़ता राजस्थान

**बून्दी ( अनन्त दाधीच )।** जिले के फोलाई और गेंडोली लिफ्ट परियोजना की बात करें तो दोनों ग्राम पंचायतों के इससे लगभग 19 गांव लाभान्वित होंगे । जिसका आज लोकार्पण किसान और आम जनता के लिए करते हुए ,लोकसभा स्पीकर ओम बिरला व जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बटन दबाकर किया। मैज नदी पर ओपन वेल बनाकर इसके पानी को लिफ्ट किया जाएगा ,और सिंचाई और पीने के लिए इन दोनों ग्राम पंचायत के गांव के ग्रामीण और किसानों के लिए , यह पानी उपयोग में लाया जाएगा । अधिकांश समय यहां पर पानी की समस्या होने के चलते फसले नहीं हो पाती थी ,खेत खाली रहा रहते थे , ऐसे में अब लिफ्ट सिंचाई परियोजना यहां के किसानों के लिए वरदान साबित होगी। इस लिफ्ट परियोजना से लगभग 4000 हेक्टर जमीन सिंचित होगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा,पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल, रामबाबू शर्मा, सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

"संघर्षों का सम्मान करना सीखें, क्योंकि इसी में आपकी सफलता का रहस्य छिपा रहता है।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# भजनलाल बोले- राजस्थान में पानी की प्रमुख समस्या

## बरसात के मौसम में जल का संरक्षण की अपील की; राजसमंद झील की आरती उतारी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( नि.स. )।** सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 के बाद देश में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है। राजीविका के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक संबल मिला है और वे आत्मनिर्भर बनकर रोजगार के पर्याप्त अवसर प्राप्त कर रही हैं।उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान को बनाए रखने के लिए देशभर में शौचालयों का निर्माण, धुंए से मुक्ति दिलाने के लिए उज्ज्वला योजना के माध्यम से घर-घर तक रसोई गैस और पीने के पानी के लिए हर घर तक नल से जल पहुंचाने का कार्य केन्द्र सरकार द्वारा किया जा रहा है।

### जल संरक्षण के महत्व को समझाया

दरअसल, सीएम बुधवार को राजसमंद पहुंचे थे। उन्होंने भिक्षु निलियम परिसर में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत आमसभा को संबोधित किया। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए आमजन से अपील भी की। कहा कि सभी बरसात के मौसम में जल का संरक्षण करें। प्रदेश में पानी की समस्या प्रमुख समस्या है, यदि प्रदेश में पानी की उपलब्धता रहेगी तो खुशहाली भी होगी। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में आमजन जल संरक्षण करेंगे तो जमीन का जल स्तर पर ऊपर आएगा और पेड़ हरे भरे होंगे व हरियाला राजस्थान बनेगा। अधिक से अधिक लोग जल संरक्षण में अपना योगदान दे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि एक पेड़ अपनी मां के नाम अवश्य लगाए। सभा में मुख्यमंत्री ने हल्दीघाटी युद्ध विजय दिवस पर बोलते हुए महाराणा प्रताप के शौर्य को याद किया। इस विजय को स्वाभिमान और सत्य की विजय बताया।



### राजसमंद झील की आरती उतारी

इससे पूर्व सीएम डबोक एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर से पुलिस लाइन में बनाए हेलीपेड पर पहुंचे, जहां भाजपा पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने द्वारिकाधीश मंदिर में राजभोग झांकी के दर्शन किए। फिर मुख्यमंत्री राजसमंद झील पहुंचे और राजसमंद झील की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर झील की आरती उतारी। साथ ही झील पर पौधारोपण कर प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इसके बाद राजसमंद झील से मुख्यमंत्री सीधे भिक्षु निलियम परिसर पहुंचे, जहां वंदे गंगा अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उनके साथ विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़, दीप्ति माहेश्वरी, कलेक्टर बाल मुकुंद असावा, पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी सहित प्रशासनिक अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# युवा पीढ़ी को तंबाकू से दूर रखने के लिए हर स्तर पर सामूहिक प्रयास जरूरी - खर्रा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राज्य में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत बुधवार को जयपुर में राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला तंबाकू विक्रेताओं के लिए लाइसेंसिंग प्रणाली लागू करने के उद्देश्य से स्थानीय निकाय, जयपुर तथा एसआरकेपीएस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। कार्यशाला में नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि युवाओं को नशे की ओर ले जाने वाली पहला लिंक — सुपारी और तंबाकू उत्पाद से दूर रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह केवल सरकार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है और इसके लिए हर स्तर पर सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। खर्रा ने निर्देश दिए कि कार्यशाला की सभी अनुशंसाएं लिखित रूप में उनके कार्यालय को प्रेषित की जाएं ताकि स्वायत्त शासन निदेशालय, विधि प्रकोष्ठ और शिक्षा विभाग से समन्वय कर समूचे राज्य के लिए एक सामान्य नियमावली तैयार की जा सके। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए स्थानीय निकाय, संभाग जयपुर के उपनिदेशक श्री विनोद कुमार पुरोहित ने कहा कि तंबाकू विक्रेताओं के लिए लाइसेंस अनिवार्य करने से कोटपा अधिनियम, 2003 के नियम 6 का प्रभावी क्रियान्वयन संभव होगा जिससे स्कूलों के आसपास बच्चों को तंबाकू उत्पादों की सहज उपलब्धता पर अंकुश लगेगा। उन्होंने बताया कि राज्य के 10 से अधिक स्थानीय निकायों में इस प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू किया गया है और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। वाइटल स्ट्रैटेजीज़, नई दिल्ली से आए डॉ. राणा ने भारत के विभिन्न राज्यों में वेंडर लाइसेंसिंग नीति के क्रियान्वयन के अनुभवों को साझा किया। राजस्थान कैंसर फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि तंबाकू वेंडर लाइसेंसिंग की प्रभावी प्रणाली के माध्यम से राजस्थान में एक तंबाकू-मुक्त पीढ़ी की नींव रखी जा सकती है। कार्यशाला के प्रारंभ में एसआरकेपीएस के कार्यकारी निदेशक राजन चौधरी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन एसआरकेपीएस की सीनियर प्रोग्राम मैनेजर सुश्री ज्योति चौधरी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# योग दिवस से पहले बीजेपी प्रदेश में कराएगी योग कार्यक्रम




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स )।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले बीजेपी प्रदेश में कई योग कार्यक्रम आयोजित करवाएगी। 19 और 20 जून को प्रदेश स्तर से लेकर मंडल स्तर तक करीब 1500 योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत नगर पालिका, नगर परिषद एवं नगर निगमों में एक से अधिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों में प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ से लेकर बीजेपी के प्रदेश पदाधिकारी भाग लेंगे। बीजेपी के प्रदेश महामंत्री और सांसद दामोदर अग्रवाल ने बताया कि इस दौरान कस्बा क्षेत्रों में महिलाओं के भी अलग से कार्यक्रम होंगे। कई स्थानों पर नवाचारों के साथ कार्यक्रम संपादित करने के प्रयास है। योग कार्यक्रम के साथ-साथ योग प्रशिक्षकों को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होने कहा कि योग दुनिया को भारत द्वारा दिए गए सबसे बड़े उपहारों में से एक है। योग शारीरिक व्यायाम से कहीं बढ़कर, जीवन जीने की एक शैली है, जो मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक स्थिरता और आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है। आज इसकी प्रासंगिकता खास तौर पर प्रबल है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2015 में अपनी शुरुआत होने के बाद से ही दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य मुहिमों में शुमार हो गया है।

# सांचौर को जिला बनाने की मांग,नहर में कूदे 3 बुजुर्ग

## SDRF बचाने गई तो धक्क I मारा; पूर्व मंत्री के साथ नहर किनारे धरने पर बैठे

बढ़ता राजस्थान

**सांचौर ( जालोर ) ( नि.स. )।** सांचौर को फिर से जिला बनाने की मांग को लेकर तीन बुजुर्ग नर्मदा नहर में कूद गए। मौके पर तैनात SDRF की टीम जब बुजुर्गों को बचाने कूदी तो उन्होंने बाहर आने से इनकार कर दिया।यहां तक कि उन्होंने SDRF के जवानों को धक्का भी दिया। हालांकि समझाकर करीब 10 मिनट बाद उन्हें बाहर निकाल लिया गया। सांचौर जिला रद्द होने के बाद से ही पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई के नेतृत्व में जिला बचाओ संघर्ष समिति का धरना चल रहा है। बुधवार को संघर्ष समिति के पदाधिकारी सांचौर के सीलू गांव में सीएम के कार्यक्रम में उन्हें ज्ञापन देने जा रहे थे।मुख्य कैनाल पर तैनात स्पेशल टास्क फोर्स (STF) के जवानों ने उन्हें रोक दिया। इससे गुस्साए 3 बुजुर्ग नर्मदा नहर की मुख्य कैनाल में कूद गए।



पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई ने कहा कि उन्हें शांतिपूर्वक ज्ञापन देने से भी रोका जा रहा है।

पूर्व राज्यमंत्री सुखराम बिश्नोई के नेतृत्व में लोग मुख्यमंत्री के सभास्थल ज्ञापन देने जा रहे थे। इस दौरान नर्मदा नहर की मुख्य कैनाल पर प्रशासन ने उन्हें रोक दिया।

# जयपुर से कैलादेवी के लिए शुरू हुई एसी-डीलक्स बस:करौली के प्रसिद्ध मदन मोहनजी मंदिर तक अब सीधी यात्रा संभव

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर से अब श्रद्धालु सीधी एसी डीलक्स बस में बैठकर कैलादेवी मंदिर तक पहुंच सकेंगे। बुधवार 18 जून से राजस्थान रोडवेज ने जयपुर-कैलादेवी के लिए नई एसी डीलक्स बस सेवा शुरू की है। यह बस करौली के प्रसिद्ध मदन मोहनजी मंदिर और कैलादेवी मंदिर तक जाएगी। बस सुबह 7.10 बजे जयपुर से रवाना होगी और वापसी में कैलादेवी से शाम 4.30 बजे लौटेगी। इस सेवा के साथ ही जयपुर से अब कुल 24 धार्मिक स्थलों तक रोडवेज की एसी, स्लीपर और डीलक्स बसें सीधी चल रही हैं। इनमें करणी माता (देशनोक), रामदेवरा, खाटूश्यामजी, सालासर बालाजी, गोवर्धन, डिग्गी कल्याणजी, हरिद्वार, अयोध्या, मथुरा, गोरखपुर, उज्जैन और ओंकारेश्वर जैसे बड़े मंदिर शामिल हैं।उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने और कृषि विभाग को ग्रीन हाउस व आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

# व्यवसाय की सफलता के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है ब्राण्ड

## 'उपहार' ब्राण्ड को अधिक व्यापक, मजबूत और विश्वसनीय बनाया जाए- प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारिता

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स )।** सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप सहकारी उपभोक्ता भण्डारों द्वारा अपने उत्पादों की समुचित ब्राण्डिंग एवं प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कॉनफेड का 'उपहार' ब्राण्ड अपनी खास पहचान बना चुका है, इसलिए सहकारी उपभोक्ता भण्डारों के सभी उत्पाद इसी ब्राण्ड के नाम से बिक्री किए जाएं। राजपाल ने सहकारी उपभोक्ता भण्डारों द्वारा अपने उत्पादों की ब्राण्डिंग एवं प्रचार-प्रसार के संबंध में बुधवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में कहा कि ब्राण्ड उत्पादों की विश्वसनीयता तथा विशिष्ट पहचान स्थापित करते हुए ग्राहकों को आकर्षित करता है और उन्हें उत्पादों पर भरोसा करने में मदद करता है। एक मजबूत ब्राण्ड व्यवसाय की सफलता के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। अत: 'उपहार' ब्राण्ड को और अधिक व्यापक, मजबूत और विश्वसनीय बनाने के प्रयास किए जाएं।

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि कॉनफेड तथा जिला सहकारी उपभोक्ता भण्डारों के उत्पादों के ब्राण्ड नाम में एकरूपता होनी चाहिए। जिन भण्डारों द्वारा उपहार ब्राण्ड नाम का उपयोग नहीं किया जा रहा है, उन्हें इसका उपयोग करने के लिए निर्देश जारी किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिला सहकारी उपभोक्ता भण्डारों के उत्पादों की पैकिंग को अधिक आकर्षक बनाया जाए। स्मार्ट पैकिंग में उत्पाद उपलब्ध होने से ग्राहक इनकी तरफ ज्यादा आकर्षित होंगे। साथ ही, उत्पादों को गिफ्ट पैक में भी उपलब्ध करवाया जाए जिससे लोग त्योहारों आदि पर इन्हें एक-दूसरे को उपहार के रूप में दे सकें।

श्रीमती राजपाल ने कहा कि बड़ी संख्या में देश-विदेश से लोग राज्य में पर्यटन तथा भ्रमण के लिए आते हैं।

# सांप के डसने से मां और बेटी की मौत

बढ़ता राजस्थान

**प्रतापगढ़ ( नि.स. )।** प्रतापगढ़ जिले के सुहागपुरा थाना क्षेत्र के सांगरी खेड़ा गांव में सांप के डसने से मां-बेटी की मौत हो गई। सांप के बच्ची के डसने पर मां ने हाथ से उठाकर बाहर फेंका तो उसको भी डस लिया। बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, मां ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सांप घर में घुसा उस समय क्षेत्र में बिजली नहीं आ रही थी। परिवार के चौथमल मीणा ने बताया-रूपा (32) अपनी बेटी लक्ष्मी (4 माह) के साथ घर के अंदर फर्श पर सो रही थी।

# 5 नाबालिग स्टूडेंट्स के साथ मिलकर साढ़ू का मर्डर:पहले सरिए से सिर पर वार किया



बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर ( नि.स )।** राजस्थान क्राइम फाइल्स के पार्ट-1 में आपने पढ़ा कि 6 साल पहले 10 दिसंबर 2018 को लोहावट के पीलवा जालोड़ा गांव में एक सरकारी स्कूल में कार्यरत एलडीसी की गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। एलडीसी स्कूल की स्टेशनरी लेने के लिए फलोदी गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। इस पर परिजन थाने पहुंचे। पुलिस ने एलडीसी की लोकेशन सर्च की। लोकेशन जालोड़ा गांव के पास मिली। लोकेशन के आधार पर रात में परिजनों ने एलडीसी सहदेव सिंह की तलाश की। अंधेरे के कारण कुछ पता नहीं चला। परिजन वहां से लौट गए दूसरे दिन फिर लौटे तो नहर के पास एक बाइक मिली। कुछ ही दूरी पर सहदेव सिंह का शव लहूलुहान हालत में पड़ा था। हत्या की सूचना मिलते ही आस-पास के क्षेत्र से ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे। हत्यारे को पकड़ने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया।

# जोधपुर में अब पुलिस करेगी ड्रोन से मॉनिटरिंग:शराब ठेकों से लेकर अवैध बजरी परिवहन पर रखेगी नजर; 24 घंटे का शेड्यूल बनाया

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर ( नि.स )।** जोधपुर पुलिस ने अपराध नियंत्रण, आसूचना संकलन और असामाजिक गतिविधियों पर निगरानी के लिए दो ड्रोन टीमों की साप्ताहिक तैनाती और कार्य योजना बनाई है। इस संबंध में पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय-यातायात) शैलेद्रसिंह इंदोलिया की ओर से जारी आदेश के अनुसार दोनों ही ड्रोन टीम लगातार निगरानी करेंगे और इस दौरान मिलने वाली किसी भी अहम सूचना की रिपोर्ट अपने अधिकारी और पुलिस कंट्रोल रूम को देंगे और वहीं से बताई गई जानकारी के आधार पर त्वरित एक्शन भी लिया जाएगा।

दोनों ही टीमें पुलिस कंट्रोल रूम से ही अपनी रवानगी लेंगे और ड्यूटी खत्म होने के बाद वहीं पर अपनी आमद भी कराएंगे और प्रत्येक दिन की गई कार्यवाही की रिपोर्ट भी लिखित में प्रस्तुत करेंगे। इन्हीं रिपोर्ट्स के आधार पर साप्ताहिक विश्लेषण की जिम्मेदारी संबंधित जिला एडीसीपी की रहेगी, जो प्रत्येक सोमवार को पुलिस कमिश्नर के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।



दिन में निगरानी करने वाली टीम- (सुबह 9 से रात 9 बजे तक)-

सोमवार (उम्मेद स्टेडियम से)- उम्मेद स्टेडियम में होने वाले स्वतन्त्रता दिवस कार्यक्रम के मध्यनजर उम्मेद स्टेडियम व आसपास आबादी क्षेत्र की निगरानी संदिग्ध व्यक्ति, वाहन व भीड़भाड़ पर निगरानी व उम्मेद उद्यान में आने जाने वाले व्यक्तियों व जुआ सटोरियों पर निगरानी। आसपास के यातायात के पॉइंट पर तैनात यातायात कर्मियो के गतिविधियों पर निगरानी। मंगलवार (आखलिया चौराहा से)- आसपास के यातायात पॉइंट्स पर तैनात यातायात कर्मियों के गतिविधियों पर निगरानी, प्रतापनगर व बोम्बे मोटर प्राईवेट बस स्टैण्ड, मसुरिया पहाड़ी, चीरघर मोड पर चाय की थड़ी, होटलों, ढाबों पर बैठे युवा, बदमाशों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी। बुधवार (पोलो ग्राउंड से)- अवैध बजरी के डम्परों, ट्रेक्टरों पर निगरानी, सांसी कॉलोनी में अवैध गैस ऑटो रिफलिंग व मारवाड़ कन्वेसन सेन्टर पर निगरानी व नाका शिकारगढ पर आने-जाने वाले वाहनों व नाके पर तैनात पुलिस कर्मियों की गतिविधियों पर निगरानी। आसपास के यातायात के पॉइंट्स पर तैनात यातायात कर्मियों के गतिविधियों पर निगरानी।

गुरुवार (एम्स हॉस्पिटल ग्राउंड से)- एम्स/एमडीएम हॉस्पिटल पार्किंग, शास्त्री सर्कल व भगत की कोठी रेल्वे स्टेशन पार्किंग व चाय के ढाबो पर बैठे बदमाश असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी व अवैध बजरी डम्पर / ट्रैक्टर पर विशेष निगरानी। आसपास के यातायात के पॉइंट्स पर तैनात यातायात कर्मियों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी।

शुक्रवार (ओल्ड कैंपस ग्राउंड से)- पुलिस लाइन, केन्द्रीय कारागृह, मुख्य रेल्वे स्टेशन की दोनों तरफ की पार्किंग, राईका बाग रेल्वे स्टेशन व रोडवेज बस स्टैंड स्टेण्ड पर पार्किग की निगरानी व आने-जाने वाले यात्रियों पर व के.एन. कॉलेज परिसर पर विशेष निगरानी एवं कालिका पेट्रोलिंग दल में तैनात जाप्ता पर विशेष निगरानी। आसपास के यातायात के पॉइंट्स पर तैनात यातायात कर्मियों के गतिविधियों पर निगरानी।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार